Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवबंद में प्रसारित

दैनिक गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

RNI NO. UPHIN/2018/76874

नये भारत की नई सोच

वर्षः 6 अंकः 158 | मंगलवार, 10 जून -2025 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

## दिल्ली में गर्मी का कहर



**नई दिल्ली।** सोमवार को राष्ट्रीय राजधानी में सुबह का तापमान 27.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। आर्द्रता का स्तर लगभग 48 प्रतिशत दर्ज किया गया। दोनों स्थितियों को मिला दें, तो शहर में मौसम असहज होने की संभावना है।

दिल्ली में सप्ताह की शुरूआत गर्म रही, सोमवार को तापमान 44 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। शहर का तापमान जून में अब तक के उच्चतम बिंदु को छू चुका है, और भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (कटऊ) के अनुसार, यह और भी अधिक बढ़ सकता है। आईएमडी ने अनुमान लगाया है कि आने वाले दिनों में दिल्ली का अधिकतम तापमान 45 डिग्री सेल्सियस से अधिक हो सकता है। सोमवार को राष्ट्रीय राजधानी में सुबह का तापमान 27.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। आर्द्रता का स्तर लगभग 48 प्रतिशत दर्ज किया गया।

## सेना की बढ़ेगी ताकत, जल्द मिलेगी 30000 करोड़ रुपये की वायु रक्षा मिसाइल प्रणाली

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्रालय सेना के लिए सतह से हवा में मार करने वाले स्वदेशी त्वरित प्रतिक्रिया मिसाइल प्रणाली क्यूआरएसएएम) की तीन रेजिमेंट खरीदने के प्रस्ताव पर जल्द विचार करने वाला है। इस रक्षा प्रणाली की पाकिस्तान से लगती पश्चिमी और चीन से लगती उत्तरी दोनों सीमाओं पर तैनाती की जाएगी। भारतीय सेना की ताकत और बढ़ने वाली है। रक्षा मंत्रालय की तरफ से जल्द ही सतह से हवा में मार करने वाली 30,000 करोड़ रुपये की वायु रक्षा मिसाइल प्रणाली को मंजूरी मिलने की उम्मीद है। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत के पास पहले से ही मौजूद वायु रक्षा प्रणाली ने सफलतापूर्वक पाकिस्तान के ड्रोन और मिसाइल हमलों को नाकाम किया था। रक्षा से जुड़े अधिकारियों ने बताया कि इस महीने के चौथे हफ्ते में रक्षा मंत्रालय सेना के लिए सतह से हवा में मार करने वाले स्वदेशी त्वरित प्रतिक्रिया मिसाइल प्रणाली (क्यूआरएसएएम) की तीन रेजिमेंट खरीदने के प्रस्ताव पर विचार करने वाला है। इस रक्षा प्रणाली की पाकिस्तान से लगती पश्चिमी और चीन से लगती उत्तरी दोनों सीमाओं पर तैनाती की जाएगी। रक्षा मंत्रालय के तहत आने वाले रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने इस मिसाइल प्रणाली को विकसित किया।

### शाम सात बजे यहां होगी बैठक

# सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडलों के सदस्यों से आज मिलेंगे पीएम मोदी

**नई दिल्ली।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आतंकवाद के मुद्दे पर पाकिस्तान को बेनकाब करने और पहलगाम हमले के जवाब में शुरू किए गए ऑपरेशन सिंदूर के बारे में जानकारी देने के लिए विभिन्न देशों की यात्रा करने वाले सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों से मंगलवार को मुलाकात करेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ऑपरेशन सिंदूर के बाद दुनियाभर के देशों की यात्रा करने वाले बहुदलीय प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों से मंगलवार को मिलेंगे। सूत्रों ने इस बैठक के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह मुलाकात पीएम के आवास 7 लोक कल्याण मार्ग पर शाम 7 बजे होगी। सूत्रों के मुताबिक,विदेश में गए प्रतिनिधिमंडल के सदस्य प्रधानमंत्री के साथ अपनी प्रतिक्रिया साझा करेंगे। पूर्व सांसद और पूर्व राजनयिक भी इन प्रतिनिधिमंडलों का हिस्सा थे, जिन्होंने



33 विदेशी राजधानियों और यूरोपीय संघ का दौरा किया। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि तृणमूल कांग्रेस के सांसद अभिषेक बनर्जी भी पीएम मोदी द्वारा बुलाई गई उच्च स्तरीय बैठक में शामिल होंगे। सूत्रों ने बताया कि संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू के कार्यालय ने प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों को बैठक के बारे में जानकारी दे दी है। सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडलों के कुल 7 समूहों ने विभिन्न देशों की राजधानियों का दौरा किया और आतंकवाद के खिलाफ भारत की शून्य सहिष्णुता की नीति को सामने रखा। प्रतिनिधिमंडल में एनसीपी-एससीपी की सुप्रिया सुले, कांग्रेस के शशि थरूर, एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी जैसे 50 से अधिक विपक्षी सांसद, नेता और पूर्व राजदूत शामिल थे। इन लोगों ने 30 से अधिक देशों का दौरा किया। विदेश मंत्री एस जयशंकर पहले ही प्रतिनिधिमंडलों से मिल चुके हैं और पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद के खिलाफ भारत के मजबूत रुख से अवगत कराने में उनके प्रयासों की प्रशंसा की है। चार प्रतिनिधिमंडलों का नेतृत्व सत्तारूढ़ गठबंधन के सांसदों ने किया, जिनमें भाजपा के दो, जद (यू) के एक और शिवसेना के एक सांसद शामिल थे। वहीं तीन प्रतिनिधिमंडलों का नेतृत्व विपक्षी सांसदों ने किया, जिनमें कांग्रेस, द्रमुक और एनसीपी (एसपी) के एक-एक सांसद शामिल थे। सरकार ने आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में राष्ट्रीय एकता का संदेश देने के लिए बहुदलीय प्रतिनिधिमंडल भेजे, जिसमें कांग्रेस सांसद शशि थरूर और एआईएमआईएम सांसद असदुद्दीन ओवैसी जैसे लोग विदेशों में भारतीय हितों की वकालत करने के लिए सत्तारूढ़ गठबंधन के सदस्यों में शामिल हुए। प्रतिनिधिमंडल में प्रमुख पूर्व सांसदों में पूर्व केंद्रीय मंत्री गुलाम नबी आजाद और सलमान खुर्शीद शामिल थे।

## केरल तट पर सिंगापुर के जहाज में लगी आग



**कोच्चि।**

केरल के तट से कुछ दूर अरब सागर में सिंगापुर का एक कंटेनर जहाज एमवी वान हाय 503 पर सोमवार की सुबह आग लग गई। श्रीलंका से मुंबई के लिए रवाना हुए विशाल मालवाहक जहाज घंटों बाद भी धू-धूकर जल रहा है। इस जहाज के चालक दल के चार लोग लापता हैं। ज्वलनशील कचरा ले जा रहे इस जहाज से 10-15 कंटेनर महासागर में गिर चुके हैं। खबर लिखे जाने तक भारतीय नौसेना और तटरक्षक बल के जहाज बचाव कार्य में लगे हुए हैं। केरल के अझिक्कल बंदरगाह के सर्वोच्च अधिकारी ने सोमवार को बताया कि मालवाहक जहाज के कंटेनरों में घातक पदार्थ लदे हैं। इसमें ज्वलनशील ठोस, तरल और जहरीला पदार्थ शामिल है। इन कंटेनरों में तीसरी श्रेणी, 4.1 श्रेणी के ठोस ज्वलनशील पदार्थ हैं। साथ ही 4.6 श्रेणी के विषाक्त पदार्थ हैं। पिछले एक महीने में केरल के तट के पास यह ऐसी दूसरी घटना है। बंदरगाह अधिकारी कैप्टन अरुण कुमार पीके ने बताया कि जल रहे जहाज से दस-पंद्रह कंटेनर शुरूआती घटनाक्रम में ही जहाज से गिर चुके हैं।

## इंदौर टू शिलांग दिखावा था हनीमून, करना था पति का खून...सोनम कैसे हुई बेवफा?

**नई दिल्ली।**

इंदौर के कारोबारी राजा रघुवंशी ने जब सोनम के साथ सात फेरे लिए होंगे तो, सपने में भी नहीं सोचा होगा कि जिन्हें वह दुल्हन बनाकर घर ला रहे हैं, वह ही उनकी 'मौत की सबसे बड़ी सौदागर' निकलेंगी। 11 मई को दोनों की शादी हुई, 20 मई को सोनम और राजा हनीमून के लिए शिलांग आए। दंपति 23 मई को नोंग्रीआट गांव के एक होमस्टे से चेक-आउट करने के बाद लापता हो गया था। 2 जून को शिलांग की एक खड़ी में उनका शव मिला। आज सुबह 9 जून को सोनम ने उत्तर प्रदेश के गाजीपुर में सरेंडर किया।




पुलिस ने मेडिकल जांच के बाद गाजीपुर मजिस्ट्रेट के सामने पेश किया। जज ने शिलांग पुलिस की दलील सुनने के बाद सोनम की 72 घंटे की ट्रांजिट रिमांड मंजूर कर ली है। पुलिस ने इस हत्या में शामिल तीन हमलावरों आकाश राजपूत (19), विशाल सिंह चौहान (22) और राज सिंह कुशवाह (21) को भी गिरफ्तार कर लिया है। इनकी गिरफ्तारी के बाद ही सोनम ने सरेंडर किया। पूर्वी खासी हिल्स के एसपी विवेक सईम ने शिलांग में प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि पहली गिरफ्तारी ललितपुर, यूपी के राजपूत की हुई। दूसरा चौहान, इंदौर से और तीसरा कुशवाहा जो इंदौर का ही है। सोनम को पूर्वोत्तर राज्य लाने की कानूनी प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। राजा के शव की पहचान उनके दाहिने हाथ पर एक खास टैटू से हुई। घटनास्थल से एक महिला की सफेद शर्ट, मोबाइल फोन का टूटा हुआ स्क्रीन और एक स्मार्टवॉच बरामद हुई। पुलिस ने एक खून से सना हुआ मचेट (दाओ) भी बरामद किया, जिसे हत्या का हथियार माना जा रहा है।

### मुंबई में बड़ा हादसा

## लोकल ट्रेन से गिरकर चार यात्रियों की मौत

**मुंबई।**

मुंबई की 'लाइफ लाइन' मानी जाने वाली लोकल ट्रेन से रविवार सुबह मुंब्रा स्टेशन के निकट गिरकर चार यात्रियों की मौत हो गई। जबकि नौ घायल यात्रियों का इलाज चल रहा है। घटना से सबक लेकर अब मध्य रेलवे ने सभी लोकल ट्रेनों में एसी ट्रेनों की तरह बंद होने वाले स्वचालित दरवाजे लगाने की घोषणा की है। महाराष्ट्र सरकार ने दुर्घटना में मारे गए यात्रियों के



स्वजन को पांच-पांच लाख रुपये की सहायता देने की घोषणा की है। यह घटना सुबह नौ बजे के करीब तब हुई, जब कसारा से आने वाली लोकल ट्रेन ठाणे के मुंब्रा स्टेशन से छत्रपति शिवाजी टर्मिनस (सीएसएमटी) की ओर निकली। सुबह का समय होने के कारण यह फास्ट ट्रेन अपनी क्षमता से कई गुना ज्यादा भरी हुई थी। यात्री दोनों ओर से खुले दरवाजों पर बाहर की ओर लटके हुए थे। मुंब्रा स्टेशन से कुछ ही दूर आगे बढ़ने पर इसी ट्रेन के बगल की पटरी पर सीएसएमटी की ओर से एक और ट्रेन आ गई। वहां तीव्र मोड़ होने के कारण दोनों तरफ की ट्रेनें बिल्कुल बगल से होकर गुजरने लगीं।

## सेना प्रमुख उपेंद्र द्विवेदी ने उत्तराखंड में ऑपरेशनल तैयारियों की समीक्षा की



**नई दिल्ली।**

सीओएएस उपेंद्र द्विवेदी ने सुरक्षा और परिचालन तत्परता की समीक्षा करने के लिए उत्तराखंड में अग्रिम चौकियों का दौरा किया। सीओएएस ने भारतीय सेना और आईटीबीपी के जवानों से बातचीत की और चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में सेवा करते हुए उनके असाधारण समर्पण और लचीलेपन की प्रशंसा की। सीओएएस ने संचालन में प्रौद्योगिकी को एकीकृत करने और मौजूदा और उभरते सुरक्षा खतरों के प्रति सतर्क रहने की आवश्यकता पर जोर दिया। सेना प्रमुख (सीओएएस) जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने सोमवार को सुरक्षा स्थिति की समीक्षा करने और ऊंचाई वाले क्षेत्रों में तैनात बलों की परिचालन तैयारियों का आकलन करने के लिए उत्तराखंड में अग्रिम चौकियों का दौरा किया। यात्रा के दौरान जनरल द्विवेदी ने भारतीय सेना और भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) के कर्मियों के साथ बातचीत की और कठोर और चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में कर्तव्यों का पालन करते हुए उनके असाधारण समर्पण और लचीलेपन की प्रशंसा की। सेना प्रमुख ने आधुनिक युद्ध में प्रौद्योगिकी के बढ़ते महत्व पर जोर दिया।

## महाराष्ट्र में कक्षा 1 से ही बच्चों को मिलेगी मिलिट्री ट्रेनिंग



**मुंबई।** महाराष्ट्र के स्कूली शिक्षा मंत्री दादा भुसे ने कहा है कि बच्चों में देशभक्ति, अनुशासन की भावना पैदा करने और नियमित शारीरिक व्यायाम की आदत को बढ़ावा देने के लिए राज्य में विद्यार्थियों को कक्षा एक से बुनियादी सैन्य प्रशिक्षण दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि छात्रों को ट्रेनिंग देने के लिए रिटायर्ड सैनिकों की मदद ली जाएगी। भुसे ने कहा, 'छात्रों को कक्षा एक से बुनियादी स्तर का सैन्य प्रशिक्षण देने का निर्णय लिया गया है। इससे देश के प्रति प्रेम की भावना पैदा करने, नियमित रूप से शारीरिक व्यायाम करने और अनुशासन जैसी आदतों को बढ़ावा देने में मदद मिलेगी, जिससे छात्रों को लाभ होगा। मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने प्रस्ताव पर सकारात्मक प्रतिक्रिया दी है। शिवसेना नेता ने कहा कि प्रस्ताव को लागू करने के लिए खेल शिक्षकों, राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी), स्काउट और गाइड के साथ-साथ ढाई लाख पूर्व सैनिकों की मदद ली जाएगी।

## फसल अवशेषों के प्रबंधन में राह दिखा रहे हरियाणा और पंजाब

**चंडीगढ़।**

फसल अवशेषों के प्रबंधन को लेकर पंजाब और हरियाणा उत्तर भारत के अन्य राज्यों को राह दिखा रहे हैं। इसे सुप्रीम कोर्ट और राष्ट्रीय हरित न्यायाधिकरण (एनजीटी) की सख्ती का असर कहें या फिर सरकार के स्तर पर चलाए जागरूकता अभियान और आर्थिक सहायता का परिणाम, दोनों राज्यों में फाने (गेहूं के फसल

> बार-बार फसल अवशेष जलाने पर न केवल एफआइआर दर्ज की जा सकती है, बल्कि किसान को अगले दो सीजन तक अपनी फसल बेचने से भी रोका दिया जाता है। फसल अवशेष जलाने से भूमि की ऊपरी सतह का तापमान बढ़ जाता है जिससे जमीन के पोषक तत्व व मित्र कीट जलकर नष्ट हो जाते हैं। इससे जमीन की उपजाऊ शक्ति कम होती है। इतना ही नहीं, वायु प्रदूषण भी बढ़ता है क्योंकि फसल अवशेष जलने से वायु में कार्बन डाइक्साइड, कार्बन मानोक्साइड, मीथेन एवं सल्फर डाइक्साइड जैसी जहरीली गैसें हवा में मिल जाती हैं। इससे मानव जीवन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है।

अवशेष) और पराली (धान के फसल अवशेष) जलाने के मामलों में अन्य राज्यों की तुलना में काफी गिरावट आई है। हरियाणा में इस साल फाने जलाने के मामलों में पिछले साल की तुलना में 58 प्रतिशत की कमी आई है। पिछले साल जहां किसानों ने 3159 स्थानों पर फाने जलाए थे, वहीं इस बार 1832 स्थानों पर आग लगाने की घटनाएं दर्ज की गईं। इसके उलट गेहूं के सबसे बड़े उत्पादक राज्य उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश में फाने जलाने के मामलों में बढ़ोतरी हुई है। मध्य प्रदेश में तो पिछले साल के मुकाबले फाने जलाने के मामले ढाई गुणा तक बढ़े हैं। पंजाब में ऐसी घटनाओं में करीब 15 प्रतिशत की कमी आई है।



## संपादक की कलम से

# सवालों के साथ जनगणना

अंततः सरकार ने जनगणना की घोषणा कर ही दी। इस बार सामान्य जनगणना के साथ-साथ जातीय जनगणना भी की जाएगी। उम्मीद करते हैं कि जातीय जनगणना के आंकड़े पूरी ईमानदारी के साथ सार्वजनिक किए जाएंगे। 2011 में जो जनगणना कराई गई थी, उसमें जातीय डाटा अलग से इकट्ठा किया गया था, लेकिन कांग्रेस नेतृत्व की यूपीए सरकार ने उस डाटा को सार्वजनिक नहीं किया था। सरकार की दलीलें क्या थीं, अब यह पुराना मुद्दा हो गया है। जातीय जनगणना के साथ सामाजिक न्याय और समरसता के राष्ट्रीय मुद्दे भी



ललित शर्मा
संपादक

नत्थी हैं। क्या जातीय संख्या के आधार पर समुदायों के हित संबोधित किए जाएंगे? क्या आरक्षण की अधिकतम सीमा 50 फीसदी को खंडित कर उसे बढ़ाया जाएगा? क्या मौजूदा मोदी सरकार इस मुद्दे पर सर्वोच्च अदालत के सामने जाएगी? महत्वपूर्ण यह है कि शीर्ष अदालत का नजरिया क्या रहता है? यह जनगणना, 2027 होगी। 2011 के बाद यह जनगणना कराई जा रही है। आजादी के बाद और संविधान लागू होने के बाद प्रत्येक 10 वर्ष के बाद जनगणना कराई जाती रही है। कोरोना वैश्विक महामारी के कारण 2021 में जनगणना नहीं कराई जा सकी, लिहाजा अब कराई जा रही है। फिलहाल यह माना जा रहा है कि 1 मार्च, 2026 से आरंभ होकर जनगणना मार्च, 2027 तक पूरी कराई जा सकती है। बेशक जनगणना की खबर अच्छी है, लेकिन कई बड़े सवालिया निशानों के साथ यह खबर हम तक पहुंची है। सबसे अहम सवाल तो यह है कि जनगणना का अंतिम आंकड़ा और डाटा क्या 2029 के लोकसभा चुनाव से पहले सार्वजनिक किया जाएगा? जनगणना के डाटा से परिसीमन का महत्वपूर्ण अभियान भी जुड़ा है। परिसीमन के बाद ही लोकसभा सीटों में बढ़ोतरी कर उन्हें 800 से अधिक किया जा सकेगा। परिसीमन के बाद ही महिला आरक्षण कानून लागू किया जा सकेगा। हालांकि संसद से यह विधेयक पारित किया जा चुका है। यदि जनगणना का डाटा 2029 के आरंभ में ही सामने आता है, तो लोकसभा के इसी कार्यकाल में ही परिसीमन आयोग गठित किया जा सकता है। यदि पहले की जनगणनाओं की तरह डाटा में देरी हुई और उसे छापने में कमोबेश 2 साल लगे, तो परिसीमन की कवायद 2029 के लोकसभा चुनाव से पहले पूरी नहीं होगी, लिहाजा जनगणना, 2027 दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के लिए न केवल आंकड़ों का संकलन होगी, बल्कि राजनीतिक आयाम के मद्देनजर भी महत्वपूर्ण होगी। जनगणना के आकलन और विश्लेषण किए जाएंगे कि अगले लोकसभा चुनाव से पहले चुनावी राजनीति की गति, आयाम और समीकरण बदले हैं अथवा नहीं। यदि सरकार माहवार या सालाना आधार पर खुलासा करेगी कि जनसंख्या का अंतिम आंकड़ा क्या होगा और परिसीमन को लेकर उसकी योजनाएं क्या हैं, तो उसी आधार पर जनगणना और जातीय जनगणना की व्याख्या की जाएगी। मसलन-परिसीमन आयोग 2029 के लोकसभा चुनाव से पहले ही अपना काम शुरू कर सकता है, लेकिन सरकार मौजूदा 543 सीटों के लिए ही लोकसभा चुनाव कराए और बढ़ी हुई सीटें अगले लोकसभा चुनाव, 2034 तक जोड़ी जाएं, तो उसके राजनीतिक फलितार्थ बेहद विवादास्पद भी हो सकते हैं। दक्षिण भारत में विपक्ष की अधिकतर सरकारें हैं। दक्षिण ने जनसंख्या-वृद्धि को बड़ी सफलता से नियंत्रित किया है। परिसीमन से उन्हें घाटा हो सकता है। भाजपा का राजनीतिक वर्चस्व उत्तर और पश्चिम के राज्यों में है। वहां परिसीमन के बाद लोकसभा सीटें अनुपात में खूब बढ़ती हैं, तो ऐसे राजनीतिक असंतुलन पर देश में बहस छिड़ सकती है। यदि स्पष्टता नहीं हुई, तो राजनीतिक कड़वाहट भी पैदा होगी और देश में विभाजन के हालात उभर सकते हैं। आर्थिक तौर पर मजबूत हो रहा भारत ऐसे हालात नहीं चाहेगा। उत्तर बनाम दक्षिण नहीं होने देगा, लिहाजा जनगणना और परिसीमन दोनों ही बेहद नाजुक मुद्दे हैं। हम अनभिज्ञ हैं कि देश में शहरी और ग्रामीण आबादी के बीच कितने गहरे फासले हैं? कई और भी सवाल हैं। बहरहाल, जनगणना ही तमाम उलझे सवालों के जवाब दे सकती है।

प्रियंका सौरभ



## अब प्रेम

कविता

लॉक स्क्रीन की डीपी तक सीमित है
और वफादारी
एप इंस्टॉल करने जितनी अस्थायी।

कितना बदला है युग
जहाँ पहले
पत्नी पति के पीछे सती हो जाती थी
अब पति को स्वाहा करके
बॉयफ्रेंड के साथ बुलेट पर घूमती है।

कहते हैं
रिश्ते भगवान बनाता है
लेकिन आजकल रिपोर्टर बनाता है
जो शव की तस्वीर खींच
ब्रेकिन्ग न्यूज लिखता है।

राजा तो चला गया
लेकिन सोनम के कारण
मेघालय बदनाम हुआ
पर्यटन पर ग्रहण लगा
और समाज ने फिर से
एक अपराध को इवेंट बना दिया।

ये कविता कोई अंत नहीं
ये शुरूआत है
हर उस चेतावनी की
जो हमें सिखाए
कि शादी कार्ड से नहीं,
चरित्र से तय होनी चाहिए
और हनीमून पर जाने से पहले
दिल की जांच होनी चाहिए।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर, दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्रः 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# मटके में पानी भरने से पहले इन तरीकों से करें सफाई, फ्रिज जैसा ठंडा होगा पानी

अभी भी बहुत सारे लोग मटके का इस्तेमाल करते हैं या करना चाहते हैं। आपको मार्केट में आसानी से मटके मिल जाएंगे। ऐसे में आप अपने पसंद और बजट के हिसाब से मटके खरीद सकते हैं। वहीं आज हम आपको पहली बार मटके के इस्तेमाल के तरीके के बारे में बताने जा रहे हैं। एक दौर था, जब पानी को ठंडा रखने के लिए मटके का इस्तेमाल किया जाता था। मटके में पूरा दिन पानी न सिर्फ ठंडा रहता है, बल्कि इसका स्वाद भी काफी अच्छा होता है। लेकिन जैसे-जैसे टेक्नोलॉजी आती गई, वैसे-वैसे मटके का दौर खत्म हो गया। हालांकि अभी भी बहुत सारे लोग मटके का इस्तेमाल करते हैं या करना चाहते हैं। आपको मार्केट में आसानी से मटके मिल जाएंगे। ऐसे में आप अपने पसंद और बजट के हिसाब से मटके खरीद सकते हैं। वहीं आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको पहली बार मटके के इस्तेमाल के तरीके के बारे में बताने जा रहे हैं।



**मटके को करें साफः** मटके को इस्तेमाल करने से पहले इसको अच्छे से साफ कर लें। हालांकि मटका धोने का तरीका थोड़ा अलग है। इसको साफ करने का एक अलग प्रोसेस होता है। आपको जानकर हैरानी होगी कि मटके को कभी भी अंदर से नहीं धोना चाहिए। आप बाहर से मटके को अच्छे से धो लें और इसके अंदर हाथ डालकर न धोएं। हालांकि आप मटके के अंदर एक बार पानी डालकर बाहर निकाल लें।

**नमक का पानी भरेंः** मटके में 2-3 बार पानी डालकर कुछ देर के लिए सुखाने को छोड़ दें। फिर एक बाउल में 1-2 चम्मच डालकर पानी डाल दें। अब इस पानी को अच्छे से मिक्स करें। फिर मटके में नमक वाला पानी डालकर इसे पूरी रात के लिए छोड़ दें। फिर पानी को मटके से बाहर निकालकर फेंक दे। इसके बाद मटके में साफ पानी भरें और मटके को अंदर से साफ करें। वहीं दोबारा नया पानी भरकर इस्तेमाल करें।

**सूखने के लिए रख दें:** मटके में पानी भरने से पहले इस प्रोसेस को जरूर अपनाएं। ऐसा करने से न मटका अच्छे से सूख जाएगा, बल्कि आपको किसी तरह की दिक्कत भी नहीं होगी। ऐसा करने से पानी में मटके का रंग भी नहीं चढ़ेगा। इसलिए जरूरी है कि आप मटके में नमक वाला पानी डालकर एक रात सूखने के लिए छोड़ दें।

**मिट्टी के बर्तन पर रखें मटकाः** आप नॉर्मल मटका रखने की जगह मिट्टी के बर्तन के ऊपर इसको रखें। इससे पानी दोगुना ठंडा होगा। वहीं मटके के बराबर में एक प्लेट लें और उसके ऊपर मटका रखें और ढककर पानी का इस्तेमाल करें। वहीं इस मिट्टी को रोजाना बदलें। अगर आप ऐसा रोजाना नहीं कर पा रहे हैं, तो मिट्टी को साफ करके उसका दोबारा इस्तेमाल करें।

**फिटकरी का इस्तेमालः** मटका भरने के बाद फिटकरी का इस्तेमाल करें। इसके लिए मटके में पहले ऊपर तक पानी भर दें। फिर साफ फिटकरी से पानी को हिलाएं। ऐसा करने से पानी साफ और शुद्ध हो जाएगा और आपकी भी परेशानी नहीं होगी। आप चाहें तो इसके लिए साबुत फिटकरी या फिर फिटकरी के टुकड़ों का इस्तेमाल कर सकते हैं। इससे आपका फायदा होगा। वहीं बाद में आप फिटकरी को छलनी की मदद से निकाल सकते हैं। अगर आपके पास कोई पुराना मटका पड़ा है, तो इसको दोबारा इस्तेमाल में ला सकती हैं। क्योंकि आप चावल, दाल या फिर चना आदि रखने के लिए पुराने मटके का इस्तेमाल कर सकती हैं। जरूर नहीं कि आप इन चीजों को रखने के लिए जार या डिब्बे का इस्तेमाल करें।

# गरीबी के साथ आर्थिक असमानता दूर करने का लक्ष्य हो



ललित गर्ग

भारत एक ओर जहां लगातार तेज ग्रोथ करते हुए बीते दिनों जापान को पीछे छोड़ दुनिया की चौथी सबसे बड़ी इकोनॉमी बना, तो वहीं उपलब्धियों का सिलसिला जारी है औ? दुनिया इसका लोहा मान रही है। अब एक और खुश करने वाली रिपोर्ट आई है, जो विश्व बैंक ने जारी की है, जिसमें भारत में अत्यधिक गरीबी में आई उल्लेखनीय कमी की रोशनी है। आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2022-23 में यह दर 5.3 प्रतिशत रह गई है, जो वर्ष 2011-12 में 27.1 फीसदी थी। रिपोर्ट के निष्कर्षों के अनुसार भारत ने लगभग एक दशक से कुछ कम समय में 27 करोड़ लोगों को अत्यधिक गरीबी से बाहर निकाला है, जो पैमाने और गति के मामले में उल्लेखनीय एवं ऐतिहासिक उपलब्धि कही जा सकती है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने शासन के ग्यारह स्वर्णिम वर्षों में गरीबी को कम करने के लिए सामूहिक कार्रवाई की जरूरत पर जोर दिया है, गरीबों के संघर्षों और उनकी चिंताओं को सुनकर, उन्हें गरीबी से बाहर आने में मदद करके और अत्यधिक गरीबी में रहने वाले लोगों के सामने आने वाली चुनौतियों का समाधान करके उन्होंने गरीब उन्मूलन की योजनाओं को जमीन पर उतारा है। मोदी सरकार ने गरीबी में रहने वाले लोगों और व्यापक समाज के बीच समझ और संवाद को बढ़ावा देने का लक्ष्य रखा है। उनकी दृष्टि में गरीबी को खत्म करना सिर्फ.गरीबों की मदद करना नहीं है - बल्कि हर महिला और पुरुष को सम्मान के साथ जीने का मौका देना है।



विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में चलाई जा रही सरकारी पहलों, तेज आर्थिक सुधारों और जरूरी सेवाओं तक सबकी पहुंच का ही यह नतीजा है कि गरीबी दिन-ब-दिन तेजी से घट रही है। विश्व बैंक की रिपोर्ट के अनुसार रोजगार में वृद्धि हुई है। ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। भारत ने बहुआयामी गरीबी को कम करने में भी जबरदस्त प्रगति की है। बहुआयामी गरीबी सूचकांक (एमपीआइ) 2005-06 में 53.8 प्रतिशत से घटकर 2019-21 में 16.4 प्रतिशत और 2022-23 में 15.5 प्रतिशत हो गया है। प्रधानमंत्री मोदी ने लोगों को गरीबी से उबारने के लिए केंद्र सरकार द्वारा उठाए गए महत्वपूर्ण कदमों और सशक्तीकरण, बुनियादी ढांचे और समावेशन पर फोकस पर प्रकाश डाला। प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, जन-धन योजना और आयुष्मान भारत जैसी पहलों ने आवास, स्वच्छ खाना पकाने के ईंधन, बैंकिंग और स्वास्थ्य सेवा तक उनकी पहुंच को बढ़ाया है। डायरेक्ट बेनेफिट ट्रांसफर (डीबीटी), डिजिटल समावेश और मजबूत ग्रामीण बुनियादी ढांचे ने अंतिम जन तक लाभों की पारदर्शिता और तेज वितरण सुनिश्चित किया है। इससे 25 करोड़ से अधिक लोगों को गरीबी पर पार पाने में मदद मिली है। मोदी सरकार ने आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को संबल और आत्मनिर्भर बनाने के लिए अनेक योजनाएं चलाई हैं और उनका बेहतर क्रियान्वयन किया है। अत्यधिक गरीबी में रहने वाले लोगों की संख्या 34.44 करोड़ से घटकर 7.52 करोड़ रह गई है। पूरे भारत में अत्यधिक गरीबी को कम करने में महत्वपूर्ण प्रगति हुई है, जिसमें प्रमुख राज्यों ने गरीबी में कमी लाने और समावेशी विकास को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। पांच बड़े राज्यों उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, बिहार और बंगाल में 2011-12 में देश के 65 फीसदी अत्यंत गरीब लोग थे। इन पांच राज्यों ने ही 2022-23 तक गरीबी कम करने में दो-तिहाई का योगदान दिया है। विश्व बैंक ने पाकिस्तान को आईना दिखाते हुए भारत से गरीबी उन्मूलन की योजनाओं एवं सोच से प्रेरणा लेने की बात कही है। विश्व बैंक की रिपोर्ट के अनुसार, पाकिस्तान की 45 प्रतिशत आबादी गरीबी में है। भारत की गरीबी दर 5.3 प्रतिशत और पाकिस्तान की 42.4 प्रतिशत है। इसका सबसे बड़ा कारण पाक अपना सारा ध्यान आतंकवाद एवं आतंकवादियों के पोषण पर देता है, गरीबी दूर करना उसकी योजनाओं एवं नीतियों में दूर-दूर तक नहीं है। इसीलिये भारत ने वैश्विक मंचों पर पाक पर यह आरोप भी लगाया है कि वह अंतरराष्ट्रीय सहायता का दुरुपयोग आतंकवाद को बढ़ावा देने के लिए कर रहा है। भारत ने विश्व बैंक और आईएमएफ जैसे संस्थानों से अनुरोध किया है कि वे पाक को दी जाने वाली सहायता की समीक्षा करें, क्योंकि इसका उपयोग आम लोगों के कल्याण के बजाय सैन्य खर्च और आतंकवादी गतिविधियों में हो रहा है। हाल के पाहलगाम हमले के बाद भारत ने इस मुद्दे को और जोरदार तरीके से उठाया, जिसमें उसने पाक के सैन्य बजट में 18 प्रतिशत वृद्धि और सामाजिक कल्याण पर कम खर्च को उजागर किया। गरीबी किसी व्यक्ति के मानवाधिकारों का हनन है। यह न केवल अभाव, भूख और पीड़ा का जीवन जीने की ओर ले जाती है।

# युद्ध लोलुपता और आतंकवाद का परिणाम

भारत को पहलगाम में आतंकवादी हमले से 27 निरीह लोगों की हत्या के परिणाम स्वरूप जवाबी कार्रवाई पर ऑपरेशन सिंदूर चला कर पाकिस्तान के अंदर घुसकर आतंकवादियों के ठिकानों तथा लगभग 21 हवाई ठिकानों को नष्ट करना पड़ा तब जाकर पाकिस्तान घुटनों पर आया और संधि वार्ता के लिए रहम की भीख मांगता रहा। इसराइल पर हमास ने आतंकवादी हमला कर 700 लोगों की जान ले ली उसे आतंकवादी हमले के जवाब में इजरायल हमास तथा गाजा पट्टी को समूल नष्ट करने पर उतारू है। रूस ने यूक्रेन पर अपनी विस्तारवादी सनक के कारण ताबड़तोड़ हमले किये, ताजा स्थिति में जब यूक्रेन के सैकड़ो ड्रोन अटैक से उसके कई फाइटर जेट नष्ट हुए हैं जवाब में रूस ने भी यूक्रेन पर लगातार श्रृंखला में आक्रमण शुरू कर दिया है। किसी देश की विस्तारवादी लालसा को भी आतंकवाद की श्रेणी में रखा जा सकता है, अपनी भौगोलिक सीमाओं को आगे ले जाना और अपनी देश की पड़ोसी देश की इच्छा के विरुद्ध उसे पर हमला करना भी एक तरह का राजनीतिक आतंकवाद ही है। इन सब के प्रणाम स्वरूप विश्व युद्ध को विकल्प के तौर पर नहीं माना जाना चाहिए विश्व युद्ध मानवता के लिए एवं मानवीय जगत के लिए अभिशाप भी माना जाता है। हमलायुद्ध और हिंसा क्रोध से शुरू होकर पश्चाताप और दुखों के चिंतन में खत्म होता है। मौजूदा रूप से इसराइल हमास युद्ध में हजारों लोगों की जानें चली गई और लाखों फिलिस्तीनी लोग बेघर हो गए, ईरानी राष्ट्रपति रईस की हेलीकॉप्टर दुर्घटना में मौत भी इसराइल की प्रति हिंसा का परिणाम माना जा रहा है विस्तृत जांच होना शेष है।युद्ध अभी तक थमा नहीं है युद्ध की चिंगारी एक दूसरे आक्रमण करने से भड़कती जा रही है न जाने इसका अंजाम क्या होगा। इसी तरह रूस और यूक्रेन युद्ध कि इतने दिनो से ज्यादा के युद्ध की परिणति में शिवाय पश्चाताप के कुछ नहीं है रूस अपने सनकी राष्ट्रपति पुतिन की जिद की बलि चढ़ गया है। वह यूक्रेन से जीत कर भी मानसिक और वैचारिक रूप से हार गया है रूस अपने को जितना बलशाली, शक्तिशाली समझता था अब उसकी पोल खुल गई है, 3 सालों में युद्ध में रूस यूक्रेन जैसे छोटे देश को जीत नहीं पाया है यूक्रेन भी अपनी राष्ट्रपति की हठधर्मिता के कारण पूर्ण रूप से बर्बाद हो चुका है. यूक्रेन के 1करोड़40लाख नागरिक देश छोड़कर शरणार्थी बन चुके हैं। 40 हजार इमारतें बर्बाद हुई 20 लाख बच्चे घरों से दूर होकर शिक्षा से वंचित हो गए। ईसी तरह यूक्रेन तथा रूस के लगभग 50 हजार सैनिक युद्ध में मारे गए है।यह युद्ध की विभीषिका कहां तक जाएगी इसका आकलन करना तो कठिन है पर इसके परिणाम अत्यंत अमानवीय,कारुणिक और आर्थिक नुकसान देने वाले साबित हुए हैं। रूस के साथ युद्ध में यूक्रेन के



संजीव ठाकुर

तथाकथित दोस्तों अमेरिका तथा नैटो देशों ने सक्रियता से मैदान में साथ नहीं दिया, केवल दूर से यूक्रेन को शाबाशी देते रहे यूक्रेन अब संपूर्ण बबार्दी के कगार पर है। रूस का उसके अपने ही राष्ट्र में युद्ध के खिलाफ विरोध के स्वर उभर रहे हैं। नोबेल पुरस्कार प्राप्त पत्रकार ने अपने पूर्व में प्राप्त नोबेल पुरस्कार मेडल को बेचने का ऐलान किया है एवं यूक्रेन में मरने वाले हजारों बच्चों के हित में वह धनराशि रेड क्रॉस को प्रदान करेगा। पत्रकार ने कहा कि यूक्रेन पर रूस के आक्रमण का रूस की जनता अंदरूनी तौर पर विरोध करती है एवं भारी असंतोष भी है मैं आपको रूस यूक्रेन युद्ध की पृष्ठभूमि का इतिहास बताता हूं। यूक्रेन एक छोटा सा राज्य है, उसकी सैन्य शक्ति भी इतनी क्षमतावान नहीं है कि रूस या अन्य शक्तिशाली देश का सैन्य मुकाबला कर सके, पर अमेरिका, ब्रिटेन और नाटो के 30 देशों के बहकावे में आकर उसने रूस को नाराज करना शुरू कर दिया था। यूक्रेन को यकीन था कि रूस के आक्रमण के समय अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस, इजरायल और नाटो के कई देश उसकी रक्षा करेंगे, पर ताकतवर, शक्तिमान रूस के हमले के सामने ना तो अमेरिका ने अपना सैन्य आक्रमण किया ना ब्रिटेन ने अपनी सेना ही भेजी और ना ही अन्य नाटो देश में रूस के खिलाफ किसी तरह की जंग ही की है ,केवल दूर से बैठकर समझौते करने की बात करते रहे और रूस के आक्रमण की निंदा ही की है। यह आलेख लिखते तक रूस ने कीव पर कब्जा भी कर लिया होगा और उसके समस्त एयर बेस सैनिक अड्डों को नष्ट कर दिया है। यूक्रेन का एयर डिफेंस पूरी तरह चरमरा गया है। यूक्रेन के राष्ट्रपति ने बताया कि रूस ने सभी सैनिक हवाई अड्डों पर रॉकेट लॉन्चर दाग कर उन्हें पूरी तरह नष्ट कर दिया है, यूक्रेन के लगभग 40 सैनिकों को मार भी गिराया है, इसमें 10 निर्दोष नागरिक भी मारे गए हैं। रूस ने दावा किया था कि वह नागरिक ठिकानों पर बमबारी नहीं करेंगा पर मिसाइल तथा गोलियां सैनिकों तथा नागरिकों को अलग-अलग नहीं पहचानती है, और यही वजह है कि सैनिकों के साथ नागरिक भी मारे गए। वर्ष 1914 में यूक्रेन से रूस ने क्रीमिया को अलग कर अपने अधिपत्य में ले लिया था। रूस का कहना है कि अमेरिका ब्रिटेन और नाटो देश यूक्रेन को एक न्यूक्लियर सामरिक अड्डा रूस के खिलाफ बनाने की तैयारी कर चुके हैं, और इन सभी देशों के साथ यूक्रेन भी रूस की प्रतिरक्षा प्रणाली को बहुत बड़ा खतरा बन गया है। यूक्रेन पर अमेरिकी प्रशासन का पूरा पूरा नियंत्रण है, यूक्रेन प्रशासन केवल कठपुतली मात्र है। इसे संचालित करने वाला अमेरिका तथा ब्रिटेन ही है। यूक्रेन लगातार नाटो देश की सदस्यता के लिए प्रयास करता रहा है और अमेरिका चाहता है कि यूक्रेन नाटो देश का सदस्य बन कर रूस के खिलाफ एक सामरिक अड्डे की तरह उनके काम आए।

# स्वर्गीय बाबू राम सिंह की मनाई गई पुण्यतिथि

**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**



**नूरपुर** :देवता महाविद्यालय मोरना मे स्वर्गीय बाबूराम सिंह पूर्व सचिव (संस्थापक) की 9वी पुण्यतिथि मनाई गई। सर्वप्रथम यज्ञ किया गया। हवन यज्ञ में देवता महाविद्यालय के सचिव वीरेंद्र कुमार सिंह, प्रीति रानी, कृष्ण चन्द्र सूर्य, शीतल देवी, रवि कुमार चौहान, स्तुति, कवि कुमार, शिवांगी चौहान आदि ने यज्ञ में आहुति दी। हवन पूजन पंडित पवन कुमार ने किया। देवता महाविद्यालय के सचिव वीरेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि हमारे पूज्य पिताजी ने हमेशा गरीबों की सेवा की है उन्होंने कहा कि गरीबों की सेवा करना सबसे बड़ा पुण्य का काम है।

इस मौके पर कुंवर रविंद्र सिंह अध्यक्ष देवता महाविद्यालय, रामवीर सिंह चेयरमैन गन्ना समिति धामपुर, विजयवीर सिंह, डॉ नरेश सिंह, मास्टर जगदीश सिंह, कृष्ण पाल सिंह उपाध्यक्ष देवता महाविद्यालय, रमेश सिंह दीवान, डॉ सूरजभान सिंह, लाला अरविंद कुमार, सुरेंद्र सिंह, सोमपाल सिंह दीवान, पंडित कैलाश चंद शर्मा, सुधीर त्यागी, नितिन चौहान, प्राचार्य लोकवीर सिंह देवता महाविद्यालय, डॉ देवेंद्र कुमार, डॉ विवेक चौधरी, डॉ राजीव कुमार, डॉ अशोक कुमार, डॉ सुनीता देवी विशाखा देवी एवं समस्त महाविद्यालय का स्टाफ मौजूद रहा।

# प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना का भुगतान श्रीमति जुलेखा के खाते में हुआ



**वेलकम इंडिया**

**सहारनपुर,राजीव चौधरी**। श्रीमती जुलेखा का खाता भारतीय स्टेट बैंक बाबैल बुजुर्ग शाखा, सहारनपुर में था मृतक इकरार का खाता मृतक इकरार की दुर्घटना में मृत्यु हो गई थी वो अपने परिवार के अकेले कमाने वाले व्यक्ति थे जिस कारण उनके परिवार को अर्थिक तंगी का सामना करना पड़ रहा था। उन्होंने बैंक से ऋण भी ले रखा था जिस कारण उन पर अर्थिक बोझ और बढ़ गया लेकिन उन्होंने प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के अन्तर्गत पंजीकरण कराया हुआ था ,जिसका भुगतान श्रीमति जुलेखा जो कि उनके बीमे में नामित थी धनराशि उसके खाते में जमा कर दी गयी है। बीमा की धनराशि पाकर मृतक के परिवार को सहानुभूति एवं आर्थिक सहायता मिली और उन्होने बैंक का बहुत आभार व्यक्त किया।बीमा की धनराशि दो लाख रुपए चैक द्वारा शाखा प्रबन्धक श्रीमति पूनम मण्डल भारतीय स्टेट बैंक ऑफ इंडिया ब्रांच बाबैल बुजुर्ग के सदस्यो द्वारा दिया गया। उन्होंने बैंक का धन्यवाद किया।

# साहूवाला रेंज में बीमारी के चलते हाथी की मौत



**वेलकम इंडिया महमूद रजा**

नगीना साहूवाला वन रेंज के गांव इनायतपुर में एक नर हाथी की बीमारी के कारण मौत हो गई। हाथी पिछले कुछ दिनों से बीमार था और रविवार को उसके इलाज के लिए पशु चिकित्सक बुलाए गए थे, लेकिन वह जंगल में बिछड़ गया साहूवाला वन रेंज के गांव इनायतपुर के पास गन्ने के खेत में सोमवार को एक नर हाथी की बीमारी के चलते मौत हो गई। साहूवाला रेंज के वन क्षेत्राधिकारी कपिल कुमार ने बताया कि हाथी पिछले कुछ दिनों से बीमार था। रविवार को हाथी के उपचार के लिए पशु चिकित्सक टीम भी बुलाई गई थी लेकिन हाथी जंगल में बिछड़ गया था। तलाशने पर भी हाथी नहीं मिल सका था। सोमवार सुबह वन विभाग को सूचना मिली कि एक बीमार हाथी गांव इनायतपुर निवासी किसान राजबहादुर के खेत में पड़ा हुआ है सूचना पर वन क्षेत्राधिकारी कपिल कुमार स्टाफ के साथ मौके पर पहुंचे और पशु चिकित्सक टीम को उपचार के लिए बुलाया लेकिन टीम के पहुंचने से पहले ही बीमार हाथी की मौत हो गई।सूचना पाकर एसडीओ राजीव कुमार भी मौके पर पहुंचे उच्चाधिकारियों को सूचना दे दी गई है। अग्रिम करवाई की जा रही है।

# सवाई माधोपुर में सुशील बाल्मिकी हत्या के मामले में शिवसेना नेताओं ने परिवार सहित दिया मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन






**वेलकम इंडिया**

**सवाई माधोपुर**। जिले की मशहूर बंद पड़ी सीमेंट फैक्ट्री में गत दिनों शाहुननगर निवासी सुशील बाल्मिकी की फैक्ट्री गार्डों द्वारा गोली मारने से हुई हत्या का मामला तूल पकड़ता जा रहा है आज जिला कलेक्ट्रेट के सामने धरने पर बैठे मृतक के परिजनों को हिन्दुस्तान शिवसेना का समर्थन मिला एक दिवसीय दौरे पर जिला न्यायालय में अपने किन्हीं प्रकरणों की पैरवी करने आए पार्टी के राष्ट्रीय प्रमुख एडवोकेट राजेंद्र सिंह तोमर राजा भईया ने प्रदेश प्रभारी जितेन्द्र सिंधी जीतू भईया व अन्य पार्टी कार्यकताओं के साथ धरना स्थल पर पहुंच कर मृतक के परिजनों से मुलाकात कर उन्हें सांत्वना दी और उसके बाद उनके नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल ने राज्य के मुख्यमंत्री और राज्य अनुसूचित जाति, जनजाति अध्यक्ष के नाम जिला कलेक्टर द्वारा दो अलग अलग ज्ञापन दिए, ज्ञापन लेने के जिला कलेक्टर मौजूद नहीं होने पर ज्ञापन एसडीएम अनूपसिह ने लिऐ,ज्ञापन में सर्वसम्मति से मृतक के आश्रितों में से एक व्यक्ति को सरकारी नौकरी और पचास लाख रुपए मुआवजा देने की मांग की गई है, उपरोक्त दोनों नेताओं ने बताया कि मृतक की आयु अभि मात्र, इक्कीस वर्ष ही थी परिवार में माता पिता के अतिरिक्त पांच भाई व तीन बहने भी हैं ज्ञापन देने के बाद एसडीएम महोदय ने सभी को जल्द उनकी बात मुख्यमंत्री जी तक पहुंचाने और जल्द ही नियमानुसार बनती कार्यवाही करने का आश्वाशन दिया, उसके बाद शिवसेना प्रमुख राजा भईया की समझाईस के बाद आक्रोषित लोग ने धरना खत्म कर मृतक का पोस्टमार्टम कराने पर और अंतिम संस्कार करने पर राजी हुऐ प्रकरण में थाना मानटाउन पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध हत्या एवं अनुसूचित जाति जनजाति निवारण अधिनियम की धाराओं में एफआईआर नम्बर 204/2025 पहले ही दर्ज कर ली है,धरने में मुख्य रूप से विशाल, चिनरंजी, संजय सिखरवाल, प्यारेलाल, जॉन, मुकेश, श्रीमती रिंकी, तूफान पार्षद, पूर्व सरपंच क्लोशिया तथा बाल्मिकी समाज की सैकडों महिलाएं व पुरुष मौजूद थे।

# फावड़े से हमला करने वाला आरोपी दबोचा, दो फरार

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**



**जनपद** बिजनौर शिवालाकलां गांव आराजी भैंसा में मामूली कहासुनी के बाद तीन लोगों ने मिलकर युवक पर जानलेवा हमला कर दिया। हमले में घायल युवक के भाई की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को लोहे के फावड़े सहित गिरफ्तार कर लिया, जबकि दो आरोपी अभी फरार हैं। पीड़ित संदीप कुमार सैनी ने थाने में दी तहरीर में बताया कि उसके भाई कुलदीप सैनी पर वीर सिंह, राजवीर सिंह और खेम सिंह ने मिलकर अचानक हमला बोल दिया।

आरोप है कि तीनों ने गाली-गलौच करते हुए जान से मारने की नीयत से लोहे के फावड़े से वार किया, जिससे कुलदीप गंभीर रूप से घायल हो गया। साथ ही जान से मारने की धमकी भी दी गई। पुलिस ने दबोचा एक आरोपी शिकायत के आधार पर थाना शिवालाकलां पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की और शनिवार को आरोपी वीर सिंह को घटना में प्रयुक्त फावड़े सहित गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के खिलाफ पूर्व में भी कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस अन्य दो आरोपियों की तलाश में लगातार दबिश दे रही है।

# चिकित्सक एवं कर्मचारियों ने किया योग अभ्यास



**वेलकम इंडिया गुलजार आलम**

**रामपुर**। 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारी को लेकर आयुष विभाग द्वारा निशुल्क योग शिविर लगाए जा रहे हैं। स्कूल कॉलेज के अलावा विभिन्न पार्कों में योग प्रशिक्षक द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है। सोमवार को क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी कार्यालय में योग शिविर का आयोजन किया गया। आयुष विभाग के चिकित्सक, फार्मासिस्ट एवं अन्य सभी कर्मचारियों ने सामूहिक योग अभ्यास किया। मास्टर योगा ट्रेनर प्रतीक्षा सक्सेना और योग प्रशिक्षक राजीव कुमार व रामू मौर्य के द्वारा सभी स्टाफ को योग अभ्यास कराया गया। सरकार द्वारा जन-जन तक योग का लाभ पहुंचाने के लिए योगा ट्रेनर तैयार किए गए हैं। जो सभी क्षेत्रों में योग का प्रशिक्षण दे रहे हैं। सबसे पहले ओम का अभ्यास कराया उसके बाद सूक्ष्म व्यायाम व ताड़ासन कटी चक्र आसन, त्रिकोणासन, चक्रासन का अभ्यास कराया, कपालभाति, नाड़ी शोधन, भ्रमरी आदि प्राणायाम कराया। अंत में शांति पाठ कराया गया। इस अवसर पर क्षेत्रीय एवं यूनानी अधिकारी डॉ हरिओम, डॉ रविंद्र, डॉक्टर रोहित पाल, डॉक्टर मीनाक्षी आर्या, डॉक्टर जबर सिंह, डॉक्टर टी पी सिंह, डॉक्टर वफा उर रहमान एवं योग प्रशिक्षक, योग सहायक अन्य स्टाफ उपस्थित रहा।

# टाण्डा क्षेत्र के पंचायत भवन में चोरी

**टाण्डा जिला रामपुर**। टाण्डा कोतवाली अंतर्गत दढ़ियाल चौकी क्षेत्र के ग्राम अकबराबाद में रविवार रात चोरों ने पंचायत भवन में सेंध लगाकर एक बैटरी, इनवर्टर, एलईडी टीवी सहित अन्य सामान चोरी कर लिया। क्षेत्र में लगातार बढ़ रही चोरी की वारदातों से ग्रामीणों में पुलिस की निष्क्रियता को लेकर गहरा रोष व्याप्त है।घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने पंचायत भवन पहुंचकर मौका मुआयना किया और छानबीन शुरू कर दी। पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज की मदद से चोरों तक पहुंचने का प्रयास कर रही है। पुलिस का दावा है कि मामले का जल्द ही खुलासा कर लिया जाएगा।

# फैयाज अली गुड्डू पर भरोसा जताते हुए उन्हें जनपद रामपुर का जिला अध्यक्ष मनोनीत किया


**वेलकम इंडिया गुलजार आलम**



रामपुर राष्ट्रीय लोक दल के अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ जिला कार्यालय पर राष्ट्रीय लोकदल अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष फैयाज अली गुड्डू के मनोनीत होने पर जनपद रामपुर के सभी अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के पदाधिकारी ने फैयाज अली गुड्डू को मिठाई खिलाकर फूल माला पहनकर जिलाध्यक्ष बनने पर जोरदार स्वागत किया इस मौके पर प्रदेश महासचिव मोहम्मद उस्मान बबलू ने कहा कि फैयाज अली गुड्डू के जिला अध्यक्ष बनने से जनपद रामपुर में राष्ट्रीय लोक दल को मजबूती मिलेगी क्योंकि तराई क्षेत्र बिलासपुर तहसील ग्राम पंचायत महेशपुर के रहने वाले हैं जनपद रामपुर के सीनियर नेता मोहम्मद अहसान की सहमति से जिला अध्यक्ष शाहिद हुसैन की सहमति से उत्तर प्रदेश के लोकप्रिय प्रदेश अध्यक्ष पूर्व विधायक दिल नवाज खान जी ने प्रदेश महासचिव संगठन आतिर रिजवी द्वारा जनपद रामपुर के निवासी फैयाज अली गुड्डू पर भरोसा जताते हुए उन्हें जनपद रामपुर का जिला अध्यक्ष मनोनीत किया है नवनियुक्त जिला अध्यक्ष ने भी भरोसा दिया है कि सभी नेताओं की कसौटी पर खरा उतरूंगा क्योंकि सभी नेताओं ने मेरे ऊपर भरोसा करके मुझे यह जिम्मेदारी दी है जिम्मेदारी पर खडा उतरने की पूरी कोशिश करूंगा और जल्द ही जनपद रामपुर में राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रदेश अध्यक्ष प्रदेश महासचिव संगठन प्रदेश प्रवक्ता सभी को बुलाकर सदस्यता अभियान का आगाज किया जाएगा और बहुत बड़ा कार्यक्रम जनपद रामपुर में राष्ट्रीय लोक दल अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ करेगा कार्यक्रम में मुख्य रूप से फिरोज आलम खान सवाब खान महफूज खान मुस्तकीम हाफिज फुरकान गोलवेज नाजिम मोहम्मद अजीम नाजिया खान अंकित यादव फराज इमरान खान शकील अहमद साहिल फैजान आदि लोग मौजूद रहे।

# सीएम योगी से रामपुर के भाजपा नेता भारत भूषण गुप्ता व उनके भतीजे गौतम गुप्ता भी मौजूद रहे

**वेलकम इंडिया गुलजार आलम**



**रामपुर**। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से रामपुर के भाजपा नेता भारत भूषण गुप्ता व उनके भतीजे गौतम गुप्ता भी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने रामपुर के विकास कार्यो और संगठन के लोगों के बारे में जानकारी ली। गौतम गुप्ता ने धमौरा में बन रहे प्रगति माल शापिंग काम्प्लेक्स के बारे में बताया। धमौरा उप्र की पहली ऐसी ग्राम पंचायत हैं जिसमे बिना सरकारी धन लगाये 45 दुकानों का भव्य सुंदर शापिंग काम्प्लेक्स तैयार हो गया हैं। यह शापिंग काम्प्लेक्स उप्र की ग्राम पंचायतों के लिए माडल हो गया हैं और रामपुर के लिए बड़ी उपलब्धि हैं। इसकी तर्ज पर जिले और प्रदेश के दूसरे जिलों में ऐसे ही शापिंग काम्प्लेक्स बनाने के प्रयास हो रहे हैं। इस परिसर को देखने पंचायती राज मंत्री एवं निदेशक दो-दो बार दौरा कर चुके हैं। इस काम्प्लेक्स बनाने में सीडीओ नंदकिशोर कलाल एवं जिला प्रशासन की महत्वपूर्ण भूमिका रहीं हैं। जिस कारण यह संभव हो सका। मुख्यमंत्री ने बधाई देते हुए कहा कि बढ़िया से रिप्रेजेंट करिये और इस का माडल तैयार कर दुबारा हमसे मिलें।

# रामपुर सीख कवाब खाने के लिए रामपुर के अलावा आसपास के शहरों के लोग भी इसे बहुत ज्यादा पसंद करते हैं

**वेलकम इंडिया गुलजार आलम**



**रामपुर**। रामपुर में ईद उल अजहा का त्यौहार शांति पूर्ण ढंग से निपटने के बाद पुलिस व जिला प्रशासन ने राहत की सांस ली हैं। वहीं ईद उल अदहा पर जहां मुस्लिम समुदाय ने पिछले साल के मुकाबले इस साल बढचढ़ कर कुबार्नी में हिस्सा लिया हैं।

बताते चले कि हर साल की तरह इस साल भी रामपुर के खारी कुआं स्थित मौहल्ले में बड़े पैमाने पर रामपुरी सीख कवाब बनाये जा रहे हैं। रामपुरी सीख कवाबों की पूरे शहर में धूम मची हुई हैं। रामपुर सीख कवाब खाने के लिए रामपुर के अलावा आसपास के शहरों के लोग भी इसे बहुत ज्यादा पसंद करते हैं। रामपुरी कवाबों की धूम पूरे जिले में मची रहती हैं। हर साल कुबार्नी के बाद मांस के सीख कवाब बनाने के लिए उक्त मौहल्ले में सुबह से लेकर रात तक भीड़ लगी रहती हैं। रामपुरी सीख कवाब बनाने वाले कारीगर पप्पू ने बताया कि ईद उल अदहा पर लोग अपने घरों में कुबार्नी का मांस जरूरतमंदों को बांट कर रोक लेते हैं और उनकी सबसे पहली पंसद सीख कवाब ही होते हैं। हर रोज कुंतलों मांस के कवाब बनाये जाते हैं जिससे ईद पर कारीगरों को एक मिनट तक की फुर्सत नहीं मिलती हैं। उन्होने बताया कि वैसे तो शहर में अब कई जगह रामपुरी सीख कवाबों का स्टाल लग रहे हैं लेकिन खारी कुंआ पर जो स्टाल लगते हैं उनके मसाले नवाबी दौर में जो सीख कवाब बनाये जाते थे उन्हीं मसालों का इस्तेमाल किया जाता हैं जिससे कवाब उम्दा व लजीज होते हैं और लोग खाकर उसकी तारीफ किये बिना नहीं रह पाते।

# मंदिर के पास मिले जानवर के अवशेष, हिन्दू संगठनों के लोगों ने हाईवे जाम कर किया हंगामा

**वेलकम इंडिया**



**मेरठ।** मुंडाली थाना क्षेत्र के गांव सिसौली तालाब के किनारे बने माता के मंदिर में संदिग्ध हालात में किसी जानवर के अवशेष मिले जिसके बाद क्षेत्र में सांप्रदायिक तनाव तेज हो गया। जानकारी मिलते ही स्थानीय हिंदू संगठनों के सैकड़ों कार्यकर्ता आक्रोशित होकर गढ़ मेरठ रोड जाम कर दिया और आरोपी व्यक्तियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। स्थानीय पुलिस का कहना है कि प्रारंभिक जांच में यह सामने आया है कि किसी ने बकरे की कुबार्नी दी और इसके अवशेष तालाब में फेंक दिए थे। बाद में अवशेष कुत्तों ने मंदिर परिसर तक खींच लाए। सीओ किठौर प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस ने घटना स्थल से नमूने एकत्र किए हैं और उन्हें फॉरेंसिक जांच के लिए लैब भेजा गया है। अगर जांच रिपोर्ट में किसी भी क्रिमिनल एंगल की संभावना सामने आई तो पुलिस तुरंत कार्रवाई करेगी। वहीं प्रदर्शनकारी नेताओं ने पुलिस के साथ नोंकझोंक कर हंगामा करते हुए कहा कि यह ?घटना धार्मिक भावनाओं को भड़काने की कोशिश है और मांग की कि आरोपी व्यक्तियों की पहचान कर उन्हें तुरंत गिरफ्तार किया जाए। उन्होंने उच्च स्तर पर जांच और कठोर निष्क्रिय कार्रवाई की मांग की। पुलिस-प्रदर्शनकारियों में तीखी नोकझोंक भी हुई। लेकिन संगठन के लोगों ने हाईवे को खुलेआम तीन घंटे तक बंद किया गया और गुस्साए प्रदर्शनकारियों को समझौते पर सहमत कर शांत कराया। पुलिस ने अशांति फैलने की आशंका के मद्देनजर अतिरिक्त बल तैनात रखा।

पुलिस का कहना है कि फॉरेंसिक जांच रिपोर्ट के आधार पर यदि जानवर की हत्या की पुष्टि होती है, तो हत्या और धार्मिक भावना भड़काने की धाराओं के तहत केस दर्ज किया जाएगा। हालांकि पुलिस प्रशासन ने चेतावनी दी है कि यदि किसी भी तरह की सांप्रदायिक झड़प होती है, तो प्रर्दशनकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे सीओ किठौर प्रमोद कुमार सिंह ने स्थानीय नेताओं से अपील की है कि समुदाय में शांति बनाए रखने के लिए सहयोग करें।

# हाईवे का नक्शा दोवारा तरमीम करके ही हाईवे का निर्माण होने दिया जाएगा



**वेलकम इंडिया महमूद रजा**

एन एच अधिकारियों द्वारा साजिश के तहत गुरूद्वारा साहिब को अस्त व्यस्त करने के इरादे से नक्शे में घुमाया हाइवे।अशोक घटायन (मण्डल प्रभारी मुरादाबाद) धरने के पांचवे दिन भाकियू जिला अध्यक्ष मुजफ्फरनगर नवीन राठी, मण्डल प्रभारी मुरादाबाद अशोक घटायन और बुढ़ाना ब्लॉक अध्यक्ष संजीव सहरावत, जिला महासचिव अनुज बालियान के नेतृत्व में गुरुद्वारा साहिब भूरी वाले देवल पर एन एच अधिकारियों की तानाशाही के विरोध में धरना प्रदर्शन जारी रहा। धरना पंचायत को संबोधित करते हुए मण्डल प्रभारी मुरादाबाद अशोक घटायन ने कहा कि किसान आंदोलन में 13 महीने लंगर चलाने वाले गुरुद्वारा साहिब को सरकार और सरकार के नेता जबरदस्ती साजिश के तहत गुरूद्वारा को नुकसान पहुंचाना चाहते है जिसे कतई बर्दास्त नहीं किया जाएगा। मुरादाबाद मण्डल प्रभारी अशोक घटायन ने कहां कि जब पहले हाईवे के नक्शे को तरमीम किया जा सकता है तो अभी भी एन एच वालों को हाईवे का नक्शा दोवारा तरमीम करके ही हाईवे का निर्माण होने दिया जाएगा पंचायत में नगर अध्यक्ष बुढ़ाना मौ इसरार, विकाश त्यागी, प्रमोद कुमार, शुभम्-चौधरी, सरदार बंटी सिंह आदि उपस्थित रहें।

# फरीदा. बांगर में बिजली की बार बार कटौती से उपभोक्ता परेशान, जिम्मेदार हुए बेखबर

**वेलकम इंडिया**



**ऊंचागांव :** विकासखंड क्षेत्र के दौलतपुर कलां विद्युत उपकेन्द्र से जुड़े गांव फरीदा बांगर में बीते एक सप्ताह से बिजली की आंख मिचौली व चरमराती व्यवस्था से उपभोक्ताओं को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। एक ओर जहां भीषण गर्मी का दौर जारी है जिसके कारण लोग बेहाल हैं। वहीं दूसरी तरफ विद्युत विभाग द्वारा दिन में कई बार मेंटेनेंस के नाम पर बिजली की कटौती की जा रही है। विद्युत विभाग द्वारा भीषण गर्मी में 5 किलोमीटर की रफ्तार से भी हवा चलती है, तो विद्युत आपूर्ति बंद कर दी जाती है। इस भीषण गर्मी में विद्युत कटौती से लोगों का जीना मुश्किल हो गया है। हालात यह है कि सुबह 6 बजे से ही बिजली की आंख मिचौली शुरू हो जाती है। दोपहर के वक्त भी कई बार बिजली का आना जाना लगा रहता है। वही रात के समय में भी बिजली की कटौती से उपभोक्ताओं की नींद हराम हो गई है। किसानों ने बताया कि बिजली एक पल आना दूसरे पल कट जाना इसकी नियति बनती जा रही है। एक तरफ उत्तर प्रदेश सरकार हर घर बिजली जैसी योजनाएं चला कर आमजन को घर घर बिजली पहुंचाने का प्रयास कर रही है। लेकिन विद्युत विभाग के कर्मचारीयों की लापरवाही के चलते उपभोक्ताओं को भीषण गर्मी में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। किसानों ने बताया कि इस भीषण गर्मी में पूरे दिन बिजली दो घंटे से अधिक नहीं रह पाती। वह भी आंख मिचौली करते हुए।

# 3तहसील स्याना में सम्पूर्ण समाधान दिवस का हुआ आयोजन



**वेलकम इंडिया**

**बुलंदशहर :** स्याना तहसील में जिलाधिकारी श्रुति के नेतृत्व में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान समाधान दिवस में 56 फरियादी अपनी अपनी समस्या को लेकर पहुंचे। जिसमें 6 शिकायतों का तत्काल मौके पर ही समाधान किया गया। और बाकी शेष समस्याओं को संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया गया, कि उनकी समस्या का समाधान गुणवत्ता पूर्ण समयबद्ध रूप से किया जाए। पुलिस प्रशासन से संबंधित शिकायतों को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह ने स्वयं सुना और उनके शिकायतों के निस्तारण के लिए निर्देश दिए। इस दौरान समाधान दिवस में उप जिलाधिकारी गजेंद्र सिंह स्याना, क्षेत्रधिकारी सीओ सहित सभी विभागों से संबंधित अधिकारी मौजूद रहे। प्रशासन द्वारा फरियादियों की शिकायतों का त्वरित समाधान किए जा रहे, प्रयासों से फरियादियों को राहत और भरोसा देखने को मिला।

# नाबालिग को बहला-फुसलाकर ले गया युवक आरोपी गिरफ्तार



**वेलकम इंडिया महमूद रजा**

जनपद बिजनौर हल्दौर थाना हल्दौर क्षेत्र के ग्राम नांगल जट में एक नाबालिग के अपहरण और जबरन विवाह का मामला सामने आया है। पीड़ित पिता ने तहरीर में आरोप लगाया कि गांव का युवक जेनिस उसकी नाबालिग बेटी को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया। आरोप है कि युवक के परिजनों ने साजिश के तहत नाबालिग की शादी जबरन जेनिस से करवा दी और परिवार को धमकियां देकर चुप रहने का दबाव बनाया। पुलिस ने गंभीरता से मामले की जांच करते हुए नाबालिग को सकुशल बरामद कर परिजनों को सौंप दिया। गिरफ्तारी थाना हल्दौर पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए मुख्य आरोपी जेनिस पुत्र सुशील कुमार निवासी ग्राम नांगल जट को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तारी करने वाली टीम में उप निरीक्षक राजपाल सिंह और कांस्टेबल सचिन देशवाला शामिल रहे।

# बुलंदशहर व अमरोहा जिलों की सीमाओं को जोड़ने वाले पुल का डीएम श्रुति ने किया निरिक्षण



**वेलकम इंडिया**

**बुलंदशहर :** सम्पूर्ण समाधान दिवस के बाद डीएम ने बुलंदशहर व अमरोहा जिलों की सीमाओं को जोड़ने वाले पुल का निरीक्षण किया। स्याना तहसील के अन्तर्गत गजरौला की माजरा की मड़ैया पर गंगा जी के ऊपर अमरोहा जनपद को जोड़ने के लिए सेतु निगम द्वारा पुल का निर्माण कराया जा रहा है। पुल के निर्माण होने से आवाजाही वाले राहगीरों को राहत मिलेगी और अमरोहा जाने वाले राहगीरों की राह आसान होगी। जिला अधिकारी श्रुति ने स्याना तहसील सम्पूर्ण दिवस के बाद निमार्णाधीन पुल का निरीक्षण किया। साथ ही निर्माण कार्य की प्रगति का भी निरक्षण करते हुए निर्देशित किया कि तीव्र गति से पुल निर्माण कार्य को पूरा कराया जाए। राहगीरों के आवागमन के लिए पुल का रास्ता खोला जा सके। साथ ही पुल निर्माण सामग्री की गुणवत्ता का ध्यान रखा जाए। और थर्ड पार्टी निरक्षण कराए। जिलाधिकारी डीपीआर का अवलोकन करते हुए कहा कि पुल निर्माण कार्य को गुणवत्ता के साथ तय समय में पूरा कराया जाए। इस दौरान एसएसपी दिनेश कुमार सिंह, उप जिलाधिकारी गजेंद्र सिंह स्याना मौजूद रहे।

# राहगीरों के लिए बाबूगढ थाना प्रभारी ने की सराहनीय पहल थाने के गेट पर शीतल पेय जल की कराई व्यवस्था



**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह वरिष्ठ पत्रकार**

हापुड़/थाने आने वाले एवं राहगीर और आसपास से गुजरने वाले लोगों के लिए भीषण तपती गर्मी में बाबूगढ़ थाना प्रभारी विजय गुप्ता के द्वारा की गई। पहल की चहुंओर और हो रही है प्रशंसा। आपको बता दें कि एसपी कुंवर ज्ञानेंजय सिंह की हापुड़ पुलिस में अपना अलग मुकाम बनाने वाले अपनी ड्यूटी का कर्तव्य प्रणयता सत्यनिष्ठा पूर्वक निर्वाह करने के साथ सड़क हादसों में पीड़ितों की तत्काल सूचना मिलते ही बढ़-चढ़कर मदद करने का नाम है। बाबूगढ़ थाना प्रभारी विजय गुप्ता जो की धार्मिक संस्कृति अनुष्ठानों से जुड़े रहने के साथ अपने दायित्वों का निर्वाह कर रहे हैं। इसी क्रम में बाबूगढ़ थाना प्रभारी विजय गुप्ता के द्वारा एक सराहनीय पहल करते हुए। थाने आने जाने वाले एवं राहगीरों को प्यास बुझाने के लिए खाने के गेट पर मिट्टी के मट्टको शीतल पेयजल एवं गुड़ की व्यवस्था की गई है। जिसको लेकर क्षेत्र में थाना प्रभारी की चहुंओर और प्रशंसा हो रही है।

# पुलिस ने प्रेमी संग मिलकर अपनी ससुराल में चोरी कराने वाली अभियुक्ता और प्रेमी को नगदी आभूषण सहित किया गिरफ्तार



**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह वरिष्ठ पत्रकार**

**हापुड़/हापुड़** नगर कोतवाली पुलिस ने प्रेमी संग मिलकर अपनी ससुराल में चोरी करने वाली अभियुक्ता और उसके प्रेमी को घटना का सफल अनावरण करते हुए डेढ़ लाख रुपए की नगदी लगभग 15 लाख रुपए के सफेद एवं पीली धातु के आभूषण सहित गिरफ्तार करने का दावा किया है। आपको बता दें कि थाना हापुड नगर पुलिस ने अल्प समय में थाना क्षेत्रान्तर्गत ग्राम अमीपुर नगौला में हुई चोरी की घटना का सफल अनावरण करते हुए। एक अभियुक्ता और उसके प्रेमी सहित 02 अभियुक्तों को किया गिरफ्तार।जिनके कब्जे से चोरी किया गया। शत-प्रतिशत सामान (1,50,000/- रुपये नकदी, और लगभग 15 लाख रुपए के पीली एवं सफेद धातु के आभूषण) घटना में प्रयुक्त मोटर साईकिल बरामद की है। गिरफ्तार अभियुक्ता द्वारा योजनाबद्ध तरीके से अपने प्रेमी के साथ मिलकर अपने घर (ससुराल) में चोरी कराने की घटना कारित करना स्वीकार किया है।

# ब्रजघाट दिल्ली लखनऊ नेशनल हाईवे 9 के किनारे युवक का शव पड़ा मिलने से मचा हड़कंप पुलिस मामले की जांच में जुटी

**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह वरिष्ठ पत्रकार**



**हापुड़ गढ़मुक्तेश्वर**/हापुड़ जिला अज्ञात शव मिलने को लेकर बना डंपिंग जोन अज्ञात शव मिलने का सिलसिला जारी। इसी क्रम में गढ़मुक्तेश्वर कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत ब्रजघाट में दिल्ली लखनऊ अति व्यस्ततम नेशनल हाईवे 9 के किनारे दो से तीन दिन पुराना शव पड़ा मिलने से हड़कंप मच गया।घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक युवक के शव को फॉरेंसिक टीम के साथ घटनास्थल से साक्ष्य एकत्रित करते हुए आसपास के सीसीटीवी कैमरा की फुटेज खंगालने के साथ मामले का खुलासा करने में जुटी हुई है। बता दें कि प्रत्यक्षदशीर्यों के अनुसार मृतक युवक के शरीर पर चोट के निशान पाए गए हैं और शव दो से तीन दिन पुराना प्रतीत होता है।कहिन सीओ वरुण मिश्रा*अज्ञात युवक केशव मिलने को लेकर पुलिस क्षेत्राधिकारी गढ़मुक्तेश्वर वरुण मिश्रा का कहना है कि युवक की हत्या करके शव को यहां लाकर फेंका गया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर घटनास्थल से फॉरेंसिक टीम के द्वारा साक्ष्य एकत्रित कर मृतक युवक की पहचान और खुलासा करने को लेकर आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज को पुलिस टीम के द्वारा खंगाला जा रहा है। मौत का स्पष्टीकरण पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर ही हो पाएगा।

# जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने सम्पूर्ण समाधान दिवस पर तहसील धनघटा पर पहुंचकर सुनी जनता की समस्याएं

**वेलकम इंडिया**




**संतकबीरनगर।** सोमवार को जिलाधिकारी आलोक कुमार व पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीना ने सम्पूर्ण समाधान दिवस पर संयुक्त रुप से तहसील धनघटा पर पहुंचकर पुलिस एवं राजस्व विभाग के अधिकारियों की उपस्थिति में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जहां पर फरियादियों से उनकी समस्याओं को मौके पर सुना गया तथा वहां मौजूद संबंधित राजस्व और पुलिस विभाग के अधिकारियों को मौके पर जाकर शिकायतों का शत प्रतिशत गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के निर्देश दिए। राजस्व और पुलिस विभाग से सम्बन्धित शिकायतों का निस्तारण आपसी सामंजस्य से सुनिश्चित किया जाये, इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। तत्पश्चात वहां मौजूद शिकायत पंजिका का निरीक्षण करते हुए निस्तारित हो चुकी शिकायतों के संबंध मे फीडबैक भी लिया गया। इस अवसर पर राजस्व व पुलिस के अन्य अधिकारी / कर्मचारीगण मौजूद रहे।

# सांस्कृतिक विरासत का हिस्सा है लोकगीत और लोक नृत्य - संजय द्विवेदी

वेलकम इंडिया



**संतकबीरनगर।** ए. एच. एग्री. इंटर कालेज दुधारा में समर कैम्प के 20 वें दिन लोकगीत व लोक नृत्य से संबंधित कला का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के उपरांत छात्र छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया और उपस्थित लोगों का मनमोह लिया। की अध्यक्षता वरिष्ठ शिक्षक इस्तियाक अंसारी व संचालन नोडल शिक्षक कमरे आलम सिद्धकी ने किया। प्रधानाचार्य संजय द्विवेदी ने छात्र छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि लोकगीत और लोक नृत्य किसी समुदाय की सांस्कृतिक विरासत का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। वे समुदाय की पहचान, मूल्यों और परंपराओं को व्यक्त करते हैं और संरक्षित करते हैं। वे समुदाय के सदस्यों के बीच सामाजिक बंधन को मजबूत करते हैं और मनोरंजन प्रदान करते हैं। शिक्षक जुबेर अहमद ने इसके पूर्व प्रतिभागी छात्राओं को योगाभ्यास कराया। योग्यभ्यास के उपरांत लाफिंग एक्सरसाइज, क्लैपिंग एक्सरसाइज कराया गया। प्रतिभागी छात्र छात्राओं ने बैडमिंटन व शतरंज खेल की भी बारीकियां सीखी। प्रतिभागी छात्र शाहिना खातून, उम्मे कुलसुम, अंजनी, अंजुम, सुंदरी, मधु चौधरी, राधिका गौतम, पूनम, अर्शिया फिरदौस, नूरमा खातून, सत्यम कुमार, अनुराधा, अफीफा खातून, प्रिंस जायसवाल, कंचन, आयशा खातून, साहिबा, अवधेश सहित अनेक ने शानदार कार्यक्रम प्रस्तुत किये। इस दौरान प्रधानाचार्य संजय द्विवेदी, मुहम्मद इस्तियाक, कमरे आलम सिद्दीकी, अब्दुल सलाम, मुहम्मद शाहिद, जुबैर अहमद, मुहम्मद युनुस, मुहम्मद परवेज अख्तर, औबेदुल्लाह, ओजैर अहमद, सबीह अहमद, असादुल्लाह, जुनैद अहमद, रफी अहमद सहित अनेक लोगों ने बधाई दी है।

# अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा छाता के अध्यक्ष बने अविरल गोस्वामी

वेलकम इंडिया



**मथुरा/छाता।** अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा के तत्वावधान में श्री चतुर्भुज महाराज मंदिर छाता में बैठक आयोजित की गई जिसमें सर्वसम्मति से मंदिर के सेवायत आचार्य गौरव अविरल गोस्वामी को छाता तहसील का दायित्व सोपा गया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए ब्रज प्रदेश अध्यक्ष आचार्य राजेश किशोर गोस्वामी ने कहा अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा का विस्तार लगातार जारी है ब्लॉक नगर गांव से प्रत्येक विप्र समाज के लोगों को इसमें जोड़ा जाएगा जिला अध्यक्ष दुष्यंत सारस्वत महानगर अध्यक्ष श्याम कुमार शर्मा ने नव नियुक्त तहसील अध्यक्ष का माला एवं दुपट्टा पहनकर स्वागत किया तथा इनसे विप्र समाज के हित में कार्य करने की मनसा जताई। उन्होंने कहा कि सरकार को ब्राह्मण के हितों को ध्यान में रखकर विप्र कल्याण बोर्ड की स्थापना करनी चाहिए। विप्र कल्याण बोर्ड की मांग पिछले कई वर्षों से महासभा द्वारा किया जा रहा है। महिला प्रकोष्ठ की जिला अध्यक्ष अनुराधा शर्मा आचार्य दीपक गोस्वामी,दीपक कृष्ण गोस्वामी भागवताचार्य ने कहा बांके बिहारी कॉरिडोर को बातचीत से सुलझाया जा सकता है जिससे प्राचीन परंपराएं हमारी जीवित रहे तथा किसी को नुकसान ना हो अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा गोस्वामी समाज के साथ खड़ी है तहसील अध्यक्ष का दायित्व मिलने पर पंडित गौरव अविरल शास्त्री ने कहा वह पूर्ण निष्ठा के साथ इस निभाएंगे तथा विप्र समाज को जोड़ने का काम करेंगे। बैठक में ...कपिल भार्गव..दीपक गोस्वामी हरीबाबू वार्ष्णेय .सुनील कुमार अशोक शर्मा अंकित नवनीत शर्मा तुषार शर्मा शुभम वार्ष्णेय मुकेश सिंह गौरव गुप्ता सौरभ शर्मा उपस्थित रहे।

# स्कॉलरशिप न आने पर बीटेक छात्र ने की चोरी, पुलिस ने किया गिरफ्तार



वेलकम इंडिया

**झाँसी।** शहर में एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है, जहाँ पढ़ाई के लिए फीस का इंतजाम न होने पर एक बीटेक छात्र ने चोरी की वारदात को अंजाम दे डाला। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी छात्र को चोरी के सामान सहित गिरफ्तार कर लिया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, गिरफ्तार किया गया छात्र प्रशांत कुमार पुत्र अरविंद कुमार राव, ग्राम बदलापुर, जनपद जौनपुर का निवासी है। प्रशांत झाँसी के एक निजी कॉलेज में बीटेक की पढ़ाई कर रहा था। बताया जा रहा है कि उसकी स्कॉलरशिप की रकम समय पर नहीं आई, जिससे उसकी कॉलेज फीस जमा नहीं हो पाई। आर्थिक तंगी से जूझ रहे प्रशांत ने फीस भरने के लिए गलत राह पकड़ ली और अपने ही कॉलेज में चोरी की वारदात को अंजाम दे दिया। घटना की जानकारी मिलते ही नवाबाद थाना पुलिस सक्रिय हो गई और मामले की जांच पड़ताल शुरू की। पुलिस ने तकनीकी सर्विलांस और मुखबिर की सूचना पर छात्र प्रशांत को चोरी के सामान के साथ गिरफ्तार कर लिया। बरामद सामान में कॉलेज से चुराए गए कीमती उपकरण और नकदी शामिल है। पूछताछ में छात्र ने बताया कि फीस भरने के दबाव में आकर उसने चोरी की थी और चोरी के बाद उसी पैसे से कॉलेज की फीस भी जमा कर दी थी।

# ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन ने एक शाम शहीदों के नाम कार्यक्रम किया आयोजित

वेलकम इंडिया



**मथुरा/कोसीकलां।** रविवार 8 जून को ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन उप्र मथुरा की तहसील छाता इकाई द्वारा नगर पालिका परिसर के पन्डित दीनदयाल उपाध्याय पार्क में ₹एक शाम शहीदों के नाम₹ कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ, संत मोनी बाबा, भाजपा जिलाध्यक्ष निर्भय पांडेय, मंत्री प्रतिनिधि नरदेव चौधरी, प्रमुख समाजसेवी कमलकिशोर वार्ष्णेय, सौरभ जैन, दीपक बडगुजर, सहित आदि लोगो ने हाल ही में जम्मू कश्मीर के पहलगांव में हुए पाकिस्तान द्वारा कायराना आतंकी हमले में शहीद हुए जवानों को संगठन के बेनर तले शहीद पार्क पर पुष्पांजली व दीपदान कर श्रद्धांजलि दी गई। ततपश्चात संत मौनी ने मंचासीन अतिथियों के साथ मिलकर माँ सरस्वती एवं संगठन के संस्थापक स्वर्गीय बालेश्वर लाल जी के चित्रपट पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया। कार्यक्रम एक शाम शहीदों के नाम में छाता तहसील इकाई के पदाधिकारियों ने कार्यक्रम में आये समस्त अतिथियों का सम्मान किया। इसके साथ एक शाम शहीदों के नाम कार्यक्रम में शमा विखरने आये प्रमुख कवि नानक नवीन, डॉ अरुण शर्मा, ममता वाणी, कैलाश स्वर्णिम ने देश पर शहीद होने वाले वीर शहीदों की गाथा को याद कर कार्यक्रम में मौजूद लोगों को भावुक कर दिया। इसी दौरान प्रमुख हास्य कवि लटूरी लठ ने अपने चुटकुलों के माध्यम से हँसा हँसा कर लौट पॉट कर दिया। कार्यक्रम को लेकर संत मोनी बाबा ने कहा कि ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन द्वारा आयोजित कार्यक्रम सराहनीय है। केबिनेट मंत्री प्रतिनिधि नरदेव चौधरी ने कहा कि शहीदों की याद हर वर्ष ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन किया जाना चाहिए। जिससे उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि दी जा सके। जिलाध्यक्ष निर्भय पांडेय ने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से युवाओं को देश के प्रति सजग रहने की प्रेरणा मिलती है। चौमुहां नगर पंचायत अध्यक्ष सुषमा सिसौदिया ने ग्रामीण पत्रकारों द्वारा आयोजित कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि पत्रकार समाज का आईना होता है, ग्रामीण क्षेत्र के पत्रकार अनेकों चुनोतियों का सामना कर आम जनमानस की समस्याओं को अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों तक पहुचाने का करते हैं वह काबिले तारीफ है। कार्यक्रम के भारत पाकिस्तान की लड़ाई में हरियाणा के हसनपुर के समीप के गाँव गुलावत के लांस नायक शहीद दिनेश शर्मा के पिता और माता को दुप्पटा माला ओर स्मृति चिह्न देकर सम्मनित किया गया। ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन द्वारा आयोजित कार्यक्रम का कुशल संचालन वरिष्ठ पत्रकार मोहित चतुर्वेदी ने किया। कार्यक्रम में अपना आशिर्वाद देने आए संत मोनी बाबा केबिनेट मंत्री प्रतिनिधि नरदेव चौधरी, जिलाध्यक्ष निर्भय पांडेय, पूर्व रामलीला अध्यक्ष कमलकिशोर वार्ष्णेय, प्रमुख समाजसेवी पंडित जगदीश सुपानियाँ, पूर्व चेयरमैन जगपाल सिंह, अग्रवाल सभा अध्यक्ष वेदप्रकाश गोयल, पालिकाध्यक्ष धर्मवीर अग्रवाल, प्रभारी निरीक्षक अरविंद निर्वाल, कन्हैया लाल गोयल, युवा नेता सौरभ जैन, दीपक बडगुजर, विनय उपाध्याय, सेलु जायसवाल, आर्य समाज मंत्री सुरेंद्र आर्य, सहित प्रशासनिक अधिकारी समाज के गणमान्य लोग व समाजसेवी तथा संगठन से जुड़े पत्रकार एवं जनपद मथुरा के जिलाध्यक्ष विनोद अग्रवाल, गोवर्धन, मांट, सदर, महावन के तहसील अध्यक्ष और पत्रकार साथी मौजूद रहे।

# दिल की खामोश चेतावनी: जब हार्ट अटैक बिना बताए होता है

वेलकम इंडिया



**झांसी!** हार्ट अटैक को लेकर आम सोच यही है कि यह अचानक सीने में उठते तेज दर्द के साथ आता है और ज्यादातर बुजुर्गों को होता है। लेकिन अब हालात बदल चुके हैं। अब 20 से 40 साल के युवा भी हार्ट अटैक के शिकार हो रहे हैं, और इनमें से कई को इसका कोई अंदाजा तक नहीं होता। ऐसा तब होता है जब दिल की नसों में रुकावट आती है, लेकिन शरीर कोई जोरदार संकेत नहीं देता। इस स्थिति को ह्यसाइलेंट हार्ट अटैकक्ष कहा जाता है, जो उतना ही खतरनाक है जितना आम हार्ट अटैक, बल्कि कई बार ज्यादा जानलेवा साबित होता है डॉ. दीपांकर वत्स, जो यथार्थ अस्पताल, ग्रेटर नोएडा में कार्डियोलॉजी कंसल्टेंट हैं वह कहते हैं, ₹साइलेंट हार्ट अटैक को अक्सर नजरअंदाज कर दिया जाता है क्योंकि इसके लक्षण बहुत मामूली होते हैं। लेकिन इलाज में देर होने पर दिल को स्थायी नुकसान पहुंच सकता है। अगर हल्के लक्षण भी बार-बार हो रहे हों, तो तुरंत जांच कराना जरूरी है। युवाओं को खासकर सतर्क रहने की जरूरत है, क्योंकि यही उम्र में सावधानी, भविष्य में बीमारी से बचा सकती है साइलेंट हार्ट अटैक में लक्षण इतने हल्के होते हैं कि उन्हें अक्सर थकान, गैस, या मामूली बेचैनी मानकर अनदेखा कर दिया जाता है।

# किसान गोष्ठी आयोजित कर किसानों को किया जागरूक

वेलकम इंडिया



**कांधला। मोहसीन रहमानी।** विकासखंड क्षेत्र के गांव ख्वासपुर मे सोमवार को विकसित कृषि संकल्प अभियान के अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय मैं किसान गोष्ठी आयोजित की गई। इस दौरान दर्जनों किसान मौजूद रहे। किसान गोष्ठी मे कृषि विज्ञान केन्द्र वैज्ञानिक डा संदीप चौधरी ने विकसित कृषि संकल्प अभियान के बारे मे जागरूक करते हुए किसानो को वर्तमान समय में गन्ने की फसल में विभिन्न प्रकार के रोग एवं कीट प्रकोप की बढ़ने की जानकारी दी। जिससे उत्पादन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। कीट व रोग के नियंत्रण के लिए किसानो को बीज शोधन व भूमि शोधन करना चाहिए। किसानों को समय पर निगरानी व उचित नियंत्रण उपाय अपनाने की आवश्यकता होती है। गन्ने के प्रमुख रोग एवं नियंत्रण उपाय बताए व बताया कि गन्ने का लाल सड़न के लक्षण पत्तियों का सूखना, गन्ने के अन्दर लाल धारीदार सड़न है। इसके नियंत्रण मे किसान रोगग्रस्त पौधों को खेत से हटाएं व नष्ट करें। इसके नियंत्रण के लिए उचित जल निकास रखें संतुलित उर्वरक का प्रयोग करें। ट्राईकोड्रमा की एक किग्रा प्रति एकड़ गोबर खाद में मिलाकर प्रयोग करें। गन्ने के स्मट रोग का नियंत्रण प्रोपिकोनाजोल का प्रयोग एक मिली प्रति लीटर पानी का घोल बनाकर स्प्रे कर सकते है। इस अवसर पर भूमि संरक्षण अनुभाग से विनुज, तकनीकी प्रबन्धक धर्मेंद्र सिंह, विशु, सतेन्द्र, सत्यवान, बिजेंद्र, सत्यप्रकाश, कमलेश्वर, अमित, विनोद सरदार सहित आदि मौजूद रहे।

# विद्युत कटौती और लो वोल्टेज ने लोगों को रुलाया

वेलकम इंडिया

**कांधला। मोहसीन रहमानी।** नगर एवं क्षेत्र में भीषण गर्मी के प्रकोप से लोगों का बुरा हाल है, भीषण गर्मी के कारण लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। भीषण गर्मी में बिजली कटौती और लो वोल्टेज ने लोगों को परेशान कर रखा है। कई लोगों ने प्रदेश के मुख्यमंत्री को पत्र भेज कर विद्युत विभाग के विरुद्ध रोष व्याप्त करते हुए पत्र भेज कर समस्या के निस्तारण की मांग की है। नगर एवं क्षेत्र में विद्युत विभाग के द्वारा लगातार बिजली कटौती की जा रही है। बिजली कटौती हो जाने के कारण लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। लगातार कई दिनों से भीषण गर्मी का प्रकोप देखने को मिल रहा है भीषण गर्मी के चलते लोगों का जीना मुश्किल हो गया है। भीषण गर्मी से बचने के लिए लोग स्विमिंग पुल, ट्यूबवेल की हौज, सहित आदि साधनों का सहारा लेकर गर्मी से बचने का प्रयास कर रहे हैं। विद्युत विभाग रात दिन विद्युत कटौती कर रहा है जिस कारण एसी, कूलर, पंखे नहीं चल रहे रात को भी नगर एवं क्षेत्र के लोग जाग कर रात काटनी पड रही हैं। रात दिन विद्युत आपूर्ति बाधित हो जाने के कारण नगर एवं क्षेत्र के लोगों में विद्युत विभाग के प्रति रोष बना हुआ है। नगर एवं क्षेत्र के लोगों का कहना है कि प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में पर्याप्त विद्युत आपूर्ति छोड़ने के निर्देश दे रखे हैं मगर विद्युत विभाग लगातार कटौती किए जा रहा है। सोमवार को नगर एवं क्षेत्र में भीषण गर्मी का प्रकोप देखने को मिला भीषण गर्मी में विद्युत आपूर्ति बाधित हो जाने के कारण लोगों ने रोष व्याप्त करते हुए प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र भेजकर निस्तारण की मांग की है।

# बाइक पर लिफ्ट नहीं दी तो दबंग ने मारपीट कर किया घायल

वेलकम इंडिया



**कांधला। मोहसीन रहमानी।** थाना क्षेत्र के गांव चढ़ाव में एक एक दबंग ने बाइक पर लिफ्ट नहीं देने पर बाइक सवार को मारपीट करते हुए गंभीर रूप से घायल कर दिया। बाइक सवार व्यक्ति ने अपना मेडिकल परीक्षण कराने के बाद परिजनों संग थाने पहुंचकर तहरीर दी है पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार करते हुए शांति भंग में चालान कर दिया है। थाना क्षेत्र के गांव चढ़ाव निवासी उमरदीन ने सोमवार को थाने पर तहरीर देकर बताया कि सुबह सवेरे उसका पुत्र उस्मान बाइक पर सवार होकर काम के सिलसिले में जा रहा था। आरोप है कि गांव के बाहर गांव का ही एक दबंग ज्ञानेंद्र ने पीड़ित के पुत्र को रोक लिया और जबरदस्ती उसकी बाइक पर बैठने लगा। पीड़ित व्यक्ति का आरोप है कि जब उसके पुत्र उस्मान ने बाइक पर बैठने से मना किया तो आरोपी ने उसके पुत्र पर जानलेवा हमला करते हुए मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल बाइक सवार की चीख पुकार सुनकर ग्रामीण दौड़ पड़े ग्रामीणों को अपनी ओर आता देख आरोपी दबंग जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गया। घटना की जानकारी होने पर परिजन भी मौके पर पहुंच गए परिजनों ने घायल बाइक सवार को उपचार के लिए नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर गंभीर अवस्था में जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। घटना के संबंध में पीड़ित पिता ने थाने पहुंचकर आरोपी दबंग के विरुद्ध नामजद तहरीर दी है। पुलिस ने पीड़ित व्यक्ति को कार्रवाई का आश्वासन देते हुए आरोपी ज्ञानेंद्र को हिरासत में लेकर शांति भंग में चालान कर दिया।

# जल कथा का पाँचवाँ दिन नर्मदा की कथा और जल चेतना का संदेश


वेलकम इंडिया




**झांसी।** जल कथा के पाँचवें दिन साध्वी संतोष गिरी जी ने नर्मदा और सोनभद्र की मार्मिक पौराणिक कथा सुनाई। उन्होंने कहा कि गंगा स्नान से पुण्य तो मिलता है, लेकिन नर्मदा के दर्शन मात्र से पुन्य की प्राप्ति होती है। कथा में बताया गया कि राजा मैखल ने नर्मदा के लिए गुलबकावली का फूल लाने की शर्त रखी थी। सोनभद्र वह फूल लाए, लेकिन धोखे से जुहिला ने नर्मदा के वस्त्र पहन लिए। सोनभद्र ने जुहिला को ही नर्मदा समझ प्रेम कर लिया। जब नर्मदा को सच्चाई का ज्ञान हुआ, तो उन्होंने विवाह से इनकार कर उल्टी दिशा में बहना शुरू कर दिया और अंततः बंगाल की बजाय अरब सागर में जा मिलीं। कथावाचक महेन्द्र बापू द्वारा रामकथा में वनवास प्रसंग सुनाते हुए बताया कि वनवास केवल श्रीराम का नहीं था, वह हर उस व्यक्ति की परीक्षा थी जो धर्म और कर्तव्य के रास्ते पर चलता है। मुख्य अतिथि ललितपुर सदर विधायक रामरतन कुशवाहा ने कहा कि जल कथा जैसे आयोजनों से हमारी संस्कृति और प्रकृति दोनों के प्रति जागरूकता बढ़ती है। सुबह जल सहेलियों ने मानसरोवर तालाब में श्रमदान किया। वरुण यज्ञ के माध्यम से जल और पर्यावरण की शुद्धि का संदेश दिया गया। वैद्यनाथ समूह की प्रमुख अनुराधा शर्मा (माँ जी) ने कहा झ ?₹बुंदेलखंड की यह तपोभूमि आज जल चेतना की कथा लिख रही है। जिस धरती ने सदियों से सूखा झेला, वहीं आज जल संरक्षण का अलख जल कथा के माध्यम से जगाया जा रहा है। यह केवल कथा नहीं, यह एक सामाजिक आंदोलन है, जो हर व्यक्ति को जल के महत्व को समझने की प्रेरणा देता है।₹ उन्होंने कहा कि इस पहल से जुड़कर उन्हें आत्मिक संतोष मिला है और उन्होंने ऐसे आयोजनों को देशभर में पहुंचाने की अपील भी की। विशिष्ट अतिथि अजीत सिंह (जॉइंट कमिश्नर, जीएसटी झाँसी) ने जल कथा को अनूठा कार्यक्रम बताया। जल सहेली फाउंडेशन के संस्थापक डॉ. संजय सिंह ने कहा कि जल कथा केवल कथा नहीं, यह जल को लेकर जन चेतना का उत्सव है। कथा के समापन में गंगा आरती की गई। आज विशेष अतिथियों में, रमा निरंजन (विधान परिषद सदस्य), संध्या पांडेय (गीता प्रतिष्ठान), प्रतिभा शुक्ला (केंद्रीय महिला प्रमुख), स्थानीय छावनी से सुनीता मिश्रा, नीरज पटैरिया (मंडल अध्यक्ष, भाजपा) जैसे अनेक गणमान्य सहित हजारों की संख्या में श्रद्धालु जन उपस्थित रहे।

# मोर सैयां हेराय गए दरोगा जी : संगीता

वेलकम इंडिया



**ढेबरुआ/सिद्धार्थनगर।** ढेबरूआ थाना क्षेत्र के नजर गढ़वा गांव का एक बड़ा ही रोचक मामला प्रकाश में आया है। जहां पर संगीता नाम कीएक महिला ने कोतवाली प्रभारी ढेबरूआ को एक प्रार्थना पत्र देकर के दरोगा जी से गुहार लगाने लगी कि उसका पति कन्नन गायब हो गया है लगभग एक सप्ताह से उसके बारे में कोई जानकारी नहीं मिल पा रही है। पति के गायब होने के संबंध में पत्नी द्वारा गुहार लगाए जाने के बाद ढेब रुआ पुलिस उसके पति को खोज करने केलिए प्रार्थना पत्र की जांच शुरू कर दिया। गांव वालों ने दरोगा जी को बता दिया कि वह अपने पति के साथ ही एक सप्ताह पहले ही घर से गई थी जाते समय उसका पति उसके साथ था लेकिन लौटते समय वह केवल अकेले ही आई है पति के साथ जाने के संबंध में जानकारी मिलने पर स्थानीय पुलिस ने बढ़नी तिराहे पर स्थित एक सीसी टीवी कैमरे का फोटो निकाल तो पता चला कि वह अपने पति के साथ ही गई है पति के साथ जाना फिर अकेले ही आना और उधर पति की गायब होने की सूचना देना इन बातों से पुलिस ने गहन जांच करना शुरू किया तो पता चला कि संगीता का घनिष्ठ संबंध तुलसीपुर के पास बलरामपुर जनपद निवासी अनिल नामक एक व्यक्ति से था जिसकी सूचना पुलिस को मिली तो पुलिस में आनंन फानन में उसे ला करके पूछ ताछ शुरू कर दिया उसके बाद ग्रामीणों ने तो एक अलग ही कहानी बताना शुरू कर दिया पुलिस अभी मामले की तह तक नहीं पहुंच पाई है। फिर भी लोगों ने दबी जुबान कहना शुरू कर दिया कि पति को गायब करने में पत्नी का भी हाथ हो सकता है ग्रामीण से जानकारी मिली है कि कन्नन की पत्नी का घनिष्ठ संबंध एक व्यक्ति से था जिसके पास वह अपने पति का सारा धन एवं कमाई भेज देती थी। इस संबंध में पुलिस तुलसीपुर निवासी एक व्यक्ति से पूछताछ कर रही है ताकि घटना के संबंध में खुलासा हो सके फिर हाल अभी तक यह बात स्पष्ट नहीं हुआ है कि पति की हत्या कर दी गई है या पति स्वयं ही घर छोड़कर के कहीं चला गया।

# उपज मवाना तहसील कार्यकारिणी का गठन, शपथ ग्रहण एवं सम्मान समारोह आयोजित

**उज्जवल रस्तौगी वरिष्ठ पत्रकार**




**मेरठ।** उत्तर प्रदेश एसोसिएशन ऑफ जर्नलिस्ट (उपज) संगठन के जिलाध्यक्ष अजय चौधरी की टीम ने सर्वप्रथम नवनिर्वाचित वरिष्ठ पत्रकार तहसील अध्यक्ष मुकेश शर्मा को तहसील अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपते हुए मनोनयन पत्र सौंप कर्तव्य निष्ठा और ईमानदारी से काम करने के लिए प्रेरित किया, तो वहीं तहसील मवाना की नवनिर्वाचित टीम में तहसील उपाध्यक्ष इसरार अंसारी, महामंत्री अमित शर्मा, उप महामंत्री राहुल बिल्टोरिया, कोषाध्यक्ष सोनू भड़ाना, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अर्जुन देशवाल, प्रवीण उपाध्याय, सचिन कश्यप, कुलदीप भारद्वाज, वंश गौतम, शोहिद सैफी, शाहिद अली, रवि गौतम, सचिव शुभम अग्रवाल, गय्यूर अली, लोकेंद्र सिंह, अमित कांबोज , मीडिया प्रभारी संचित अरोड़ा, कानूनी सलाहकार डाक्टर असलम एडवोकेट, सलाहकार योगेश शर्मा, व्यवस्था प्रमुख रजनीश विश्वकर्मा, कृष्ण अवतार, अंकुश शर्मा एवं जिला सचिव मनोज कुमार, अखिल गौतम, राहुल राणा तथा जिला उप सचिव रोहित कुमार आदि उपज संगठन से जुड़े पत्रकारों का सम्मान करते हुए तहसील अध्यक्ष मुकेश शर्मा समेत सभी उपज मवाना टीम को मनोनयन पत्र सौंप अपनी जिम्मेदारी का ईमानदारी के साथ एकजुट होकर काम करने के लिए प्रेरित किया।

## रंजिश के चलते मां बेटे के साथ मारपीट

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव इस्सोपुरटील में पुरानी रंजिश के चलते हैं मां बेटे के साथ गांव के युवक ने मारपीट कर घायल कर दिया पीड़ितों ने अपना डाक्टरी परीक्षण करने के बाद थाने पर तहरीर दी है। थाना क्षेत्र के गांव इस्सोपुरटील निवासी शिवम पुत्र सतीश ने बताया कि गांव का ही रवि पीड़ित से रंजिश रखता है। आरोप है कि सोमवार सवेरे पीड़ित गली से जा रहा था तभी आरोपी ने रंजिश के चलते पीड़ित को रोक लिया और उसके साथ फट्टों से मारपीट करनी शुरू कर दी। चीखने चिल्लाने की आवाज सुनकर पीड़ित की मां पूनम जब छुड़ाने के लिए आई तो आरोपी ने उसके साथ भी जमकर मारपीट की और घायल कर दिया। शोर शराबे की आवाज सुनकर आरोपी घटना को अंजाम देकर मौके से फरार हो गया पीड़ित मां बेटे ने अपना डाक्टरी परीक्षण कराने के बाद आरोपी के विरुद्ध नामजद तहरीर दी है। पुलिस ने घटना के संबंध में पीड़ितों की तहरीर पर कार्रवाई का आश्वासन देकर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

# नृत्यशाला लय, अभिव्यक्ति और नृत्य की कालातीत भावना का जश्न है

**वेलकम इंडिया**



प्रयागराज सिविल लाइंस में स्थित नित्यशाला स्टूडियो में चल रहे समर कैंप कार्यक्रम का समापन हुआ । इस कार्यक्रम में समर कैंप कर रहे बच्चों ने अपनी-अपनी प्रस्तुति दिखाइए, इस कार्यक्रम का प्रारंभ गेस्ट श्वेता साहू के द्वारा दीप प्रज्वलित किया गया । नित्यशाला की ओनर नेहा कुमारी द्वारा गेस्ट का सम्मान किया गया, इसी दौरान बच्चों के द्वारा रंगारंग कार्यक्रम किए गए और इसी दौरान नित्यशाला स्टूडियो में सीख रहे अनुभवी शिक्षकों को गेस्ट द्वारा सम्मानित किया गया और मीडिया को भी सम्मानित किया गया।

नृत्यशाला स्टूडियो एक प्रमुख नृत्य प्रशिक्षण केंद्र है जो अनुशासन, सुंदरता और जुनून के साथ आंदोलन की कला को पोषित करने के लिए समर्पित है। शास्त्रीय और समकालीन नृत्य रूपों दोनों में विशेषज्ञता रखते हुए, स्टूडियो एक ऐसा स्थान प्रदान करता है जहां परंपरा और रचनात्मकता सहजता से मिश्रित होती है। विशेषज्ञ प्रशिक्षकों, संरचित प्रशिक्षण कार्यक्रमों और सीखने वालों के एक जीवंत समुदाय के साथ, नृत्यशाला सभी स्तरों के नर्तकों को अपनी क्षमता का पता लगाने और अपनी व्यक्तित्व को व्यक्त करने के लिए प्रेरित करती है। केवल एक स्टूडियो से अधिक, नृत्यशाला लय, अभिव्यक्ति और नृत्य की कालातीत भावना का जश्न है।

## पालिका अध्यक्ष ने उठाई टाण्डा में बिजली संकट से निजात की मांग

**वेलकम इंडिया**

**टाण्डा जिला रामपुर।** नगरपालिका अध्यक्ष साहिबा सरफराज ने नगर में जर्जर बिजली लाइनों और ओवरलोडिंग के कारण उत्पन्न हो रही विद्युत समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर अधिशासी अभियंता, विद्युत वितरण उपखंड, टाण्डा को एक पत्र भेजा है।इस पत्र में उन्होंने क्षेत्र में बिजली आपूर्ति की बदहाल स्थिति पर गहरी चिंता जताते हुए तत्काल सुधारात्मक कदम उठाने की मांग की है।पत्र में कहा गया है कि नगर टाण्डा में जर्जर विद्युत लाइनों और अपर्याप्त बुनियादी ढांचे के कारण सुचारू बिजली आपूर्ति बाधित हो रही है।पालिकाध्यक्ष ने उल्लेख किया कि इस समस्या के निदान के लिए पूर्व में भी कई बार पत्राचार किया जा चुका है। उन्होंने दिनांक 22.06.2023, 28.06.2023, 11.07.2023, 26.07.2023, 23.07.2024 को अधिशासी अभियंता, विद्युत वितरण उपखंड, टाण्डा व अधीक्षण अभियंता विद्युत और दिनांक 22.04.2025 को जिलाधिकारी को पत्र लिखकर समस्या से अवगत कराया था, लेकिन स्थिति में कोई उल्लेखनीय सुधार नहीं हुआ।पालिकाध्यक्ष ने पत्र में मांग की है कि जर्जर एबीसी केबलों को तत्काल बदला जाए और विद्युत व्यवस्था को दुरुस्त किया जाए। इसके साथ ही, जहां आवश्यक हो, वहां क्षमता के अनुरूप नए ट्रांसफार्मर स्थापित किए जाएं।उन्होंने चल रहे ट्रांसफार्मर क्षमता वृद्धि के कार्य को शीघ्र पूरा करने और शासन के नियमानुसार निर्धारित बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग की है।साहिबा सरफराज ने कहा कि नगरवासियों को बिजली की अनियमित आपूर्ति और बार-बार होने वाली कटौती से भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।जर्जर लाइनों के कारण बिजली की समस्या और गंभीर हो रही है। विभाग को इस दिशा में त्वरित और प्रभावी कदम उठाने चाहिएं।

# महापौर ने राज्यपाल से की शिष्टाचार भेंट

**वेलकम इंडिया**



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ की महापौर सुषमा खर्कवाल ने सोमवार को राजभवन में उत्तर प्रदेश की महामहिम राज्यपाल आनंदी बेन पटेल से शिष्टाचार भेंट की।इस अवसर पर महापौर ने राज्यपाल को अपने दो वर्ष के कार्यकाल के दौरान लखनऊ नगर में कराए गए विभिन्न विकास कार्यों की विस्तारपूर्वक जानकारी दी।

महापौर ने राज्यपाल को विकास के दो साल पर आधारित एक विशेष विवरण पुस्तिका भेंट की, जिसमें नगर निगम द्वारा जनहित में किए गए प्रमुख कार्यों, योजनाओं और उपलब्धियों का समावेश है। पुस्तिका में स्वच्छता, पेयजल, हरित क्षेत्र, डिजिटल सेवाएं, महिला सशक्तिकरण और बुनियादी सुविधाओं के क्षेत्र में लखनऊ में हुए उल्लेखनीय विकास का चित्रण किया गया है।राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने महापौर के कार्यों की सराहना करते हुए नगर विकास में महिलाओं की नेतृत्वकारी भूमिका को प्रेरणादायक बताया। उन्होंने महापौर को शुभकामनाएं देते हुए नगर की जनता के प्रति उनकी सेवा भावना की सराहना की। महापौर सुषमा खर्कवाल ने महामहिम के स्नेह, आशीर्वाद और मार्गदर्शन को अत्यंत प्रेरणादायक बताते हुए कहा कि राज्यपाल का प्रोत्साहन हम जनप्रतिनिधियों को नागरिक हित में और अधिक प्रतिबद्धता के साथ कार्य करने की प्रेरणा देता है।

## भटके नाबालिग तीन बच्चियों को पुलिस ने परिजनों से मिलाया



**वेलकम इंडिया**

**मिजार्मुराद(वाराणसी)।** राजातालाब स्टेशन पर सोमवार को तीन नाबालिग बच्चियां भटकर आ गए।तीनों बच्चे स्टेशन पर के पास बैठकर रो रहे थे।ग्रामीणों द्वारा इसकी सूचना राजातालाब कस्बा चौकी प्रभारी रोहित दुबे को दिया गया।सूचना पर पहुंचे चौकी प्रभारी तीनों बच्चियों को पुलिस चौकी लाकर किसी तरह नाम पता पूछकर के बाद भदोही जिले के गोपीगंज थाना क्षेत्र के सुजातपुर गांव के ग्राम प्रधान प्रमोद कुमार तिवारी को सूचना दिये।जिसपर गांव के प्रधान प्रमोद कुमार तिवारी के साथ तीनों बच्चियों के पिता गोपाल वनवासी राजातालाब थाने पहुंच तीनों बच्चियों को अपने साथ ले गए और ग्राम प्रधान व परिजनों ने चौकी प्रभारी को धन्यवाद देते हुए प्रशंसा किये।चौकी प्रभारी रोहित दुबे ने बताया कि तीनों बच्चियां घूमने के लिए ज्ञानपुर स्टेशन गई थी वही से ट्रेन पकड़ कर राजातालाब स्टेशन आ गई थी।

# निमार्णाधीन मकान में अश्लील हरकत का विरोध करने पर युवक की हत्या, सोने की चेन लूटकर आरोपी फरार

**वेलकम इंडिया/चरन सिंह**




**बरेली।** कैंट थाना क्षेत्र में तीन युवक निमार्णाधीन मकान में दो युवतियों को लेकर आए और छत पर उनके साथ अश्लील हरकत करने लगे। इसको लेकर जब पड़ोसी दंपती ने विरोध जताया, तो तीनों आरोपियों ने उनके पति की पीट-पीटकर हत्या कर दी और सोने की चेन लूटकर फरार हो गए।मृतक के भाई ने कैंट थाने में दो नामजद व एक अज्ञात हत्यारे के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।आपको बता दें कि इस घटना को लेकर चेतना कॉलोनी निवासी सुधांशु पाठक ने पुलिस को बताया है कि उनके भाई शिवशक्ति पाठक के घर के सामने निमार्णाधीन मकान है।तीन जून की रात साढ़े दस बजे नकटिया निवासी आकाश शर्मा उर्फ मेंटल, दीपक यादव और उनका अज्ञात साथी दो अनजान लड़कियों को लेकर निमार्णाधीन मकान की छत पर पहुंचे और नशे में उनके साथ अश्लील हरकत करने लगे। जब शोर-शराबा अधिक हुआ तो शिवशक्ति पाठक और उनकी पत्नी पूजा पाठक ने विरोध किया।इससे नाराज होकर तीनों शिवशक्ति के घर में घुस गए।मृतक के भाई ने आरोप लगाया है कि उसके बाद तीनों आरोपियों ने पीट-पीटकर शिवशक्ति की हत्या कर दी और भाभी पूजा की भी पिटाई की। तीनों आरोपी शिवशक्ति की सोने की चेन भी लूटकर ले गए। बताया जा रहा है कि आकाश शर्मा उर्फ मेंटल आपराधिक प्रवृत्ति का है। उसका क्षेत्र में आतंक है। लोग भी उसका विरोध करने से घबराते हैं। वहीं इस घटना को लेकर कैंट थाना पुलिस ने हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर तीनों की तलाश शुरू कर दी है।कैंट थाना प्रभारी राजेश कुमार ने बताया है कि घटना संदिग्ध है।पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत की कोई वजह स्पष्ट न होने पर बिसरा सुरक्षित किया है।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस पर डीएम सख्तः फाइलें दबाईं तो होगी कार्रवाई, अफसरों को लगाई फटकार

**वेलकम इंडिया/चरन सिंह**




**बरेली।** तहसील सदर में सोमवार को आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी अविनाश सिंह का तेवर सख्त नजर आया। अफसरों की लापरवाही पर डीएम ने खुलकर नाराजगी जताई। शिकायत रजिस्टर खंगालते हुए जब उन्हें पता चला कि कई शिकायतें बिना निस्तारण के ही हल दिखा दी गई हैं, तो उन्होंने अफसरों और कर्मचारियों कड़ी फटकार लगाई। डीएम ने साफ कहा कि कोई भी फाइल तीन दिन से ज्यादा लंबित नहीं रहनी चाहिए। अगर ऐसा पाया गया तो कार्रवाई तय है।उन्होंने अफसरों से कहा कि जनता की शिकायतों को हल्के में लेना बंद करें, वरना मुख्यमंत्री दरबार में सीधे जिले की शिकायतें पहुंचती रहेंगी। समाधान दिवस में अवैध कब्जा, राशन कार्ड और पेंशन जैसी समस्याओं से जुड़ी दर्जनों शिकायतें आईं।बीआई बाजार कैंट के एक निवासी ने चकरोड पर कब्जा हटाने की मांग रखी। डीएम ने मौके पर मौजूद एसडीएम को निर्देश दिया कि तुरंत पैमाइश कर रास्ता खाली कराया जाए।ग्राम उमरसिया के एक किसान ने कृषि भूमि की पैमाइश की मांग की, जिसे भी जिलाधिकारी ने तुरंत गंभीरता से लेते हुए हल कराने का भरोसा दिया। डीएम ने दो टूक कहा ऐसा कोई भी काम मत करो जिससे प्रशासन की छवि पर सवाल उठे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि शिकायत का निस्तारण होने के बाद उसकी पूरी रिपोर्ट रजिस्टर में जरूर दर्ज करें।इस मौके पर एसपी सिटी मानुष पारीक, एसडीएम प्रमोद कुमार, तहसीलदार सदर और कई विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। डीएम के सख्त तेवरों को देखकर अफसरों में हड़कंप मचा हुआ है।


## सात साल की मासूम से दरिंदगी करने वाला पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार

**वेलकम इंडिया/चरन सिंह**



**बरेली।** बारादरी थाना क्षेत्र में शनिवार रात इंसानियत को शर्मसार करने वाली घटना हुई। इस घटना में एक दरिंदे द्वारा सात साल की मासूम के साथ दुष्कर्म की कोशिश का मामला सामने आया है। बच्ची के परिजनों ने रविवार सुबह घटना की शिकायत थाने में की। पुलिस ने मासूम का मेडिकल परीक्षण कराने के बाद फरार आरोपी की तलाश शुरू कर दी थी। रात में पुलिस मुठभेड़ के दौरान आरोपी को गोली मारकर गिरफ्तार कर लिया गया। पीड़िता की मां ने पुलिस को दी तहरीर में बताया था कि वह पति के साथ ईद मिलने गई थी। इसी बीच मोहल्ले में किराये पर रहने वाले युवक रफीक ने उनकी मासूम बेटी को अपने कमरे पर बुलाया और उसके साथ दुष्कर्म की कोशिश की। बच्ची के घर न लौटने पर परिजनों और पड़ोसियों ने खोजबीन की। जब आरोपी के कमरे पर पहुंचे तो वह वहां से फरार हो चुका था। बारादरी थाना प्रभारी धनंजय पांडेय ने बताया है कि आरोपी को पकड़ने के लिए पुलिस ने इलाके में सर्च अभियान चलाया।

# नमो भारत और मेट्रो से मेरठ के उद्योग को मिलेगा बढ़ावा, दिल्ली तक पहुंच तीव्र और आसान



**उज्जवल रस्तौगी वरिष्ठ पत्रकार**

इस कॉरिडोर के आसपास ही सभी तरह की सुविधाएं मिलेंगी और मौजूदा सुविधाओं का विकास होगा।टीओडी, तेजी से हो रहे शहरीकरण से उत्पन्न चुनौतियों के लिए समाधान देता है जिसमें कुशल सार्वजनिक परिवहन प्रणालियों पर केंद्रित व विकास के लिए भूमि के इस्तेमाल तथा परिवहन के एकीकरण पर जोर दिया जाता है।टीओडी को बढ़ावा देने से शहरी फैलाव, भीड़भाड़ और प्रदूषण को प्रभावी ढंग से कम किया जा सकता है।नमो भारत और मेट्रो के साथ टीओडी को लेकर मेरठ के बुनियादी ढांचे और शहरी विकास संभावनाओं की आकांक्षा पर समय–समय पर हितधारकों के विचार और सुझाव भी आमंत्रित किए जाते रहे हैं।इसके अलावा नमो भारत के संचालन से स्थानीय लोगों को भी रोजगार भी मिल रहा है जो पूरे कॉरिडोर के संचालित होने के बाद और अधिक बढ़ेगा। नमो भारत ट्रेन फिलहाल दिल्ली के न्यू अशोक नगर से मेरठ साउथ तक 55 किमी के संचालित खंड में 11 स्टेशनों के बीच चल रही है।मेरठ साउथ से मेट्रो की सेवा बहुत जल्द मिलेगी जो परतापुर, रिठानी, शताब्दी नगर, ब्रह्मपुरी, मेरठ सेंट्रल, भैसाली, बेगमपुल,एमईएस कॉलोनी, दौरली, मेरठ नॉर्थ, मोदीपुरम और मोदीपुरम डिपो के बीच चलेगी।इनमें से मेरठ सेंट्रल, भैसाली और बेगमपुल अंडरग्राउंड स्टेशन हैं।मेरठ में चार स्टेशनों– मेरठ साउथ, शताब्दी नगर, बेगमपुल और मोदीपुरम से ना सिर्फ मेट्रो बल्कि 160 किलोमीटर प्रतिघंटे की अधिकतम रफ्तार से दौड़ने वाली नमो भारत की सुविधा भी मिलेगी।

**मेरठ।** देश की पहली नमो भारत अब मेरठ के अंदरुनी हिस्से में पहुंचने वाली है।मेरठ में नमो भारत के साथ-साथ मेट्रो भी चलेगी, जिसके कारण शहर के उद्योग को बढ़ावा मिलेगा और दिल्ली तक पहुंच बेहद आसान व तीव्र हो जाएगी। मेरठ में कई तरह के उद्योग हैं, जिनमें खेलों से जुड़ा सामान जैसे क्रिकेट बैट विश्व प्रसिद्ध हैं।इसके अलावा कई तरह के खेल उपकरण भी मेरठ में ही बनाए जाते हैं।मेरठ के अंदरुनी इलाकों जैसे शताब्दी नगर और बेगमपुल से नमो भारत संचालित होने के साथ ही इन सभी उद्योग और औद्योगिक इकाइयों को काफी लाभ होगा। वर्तमान में दिल्ली के न्यू अशोक नगर से मेरठ साउथ के बीच दौड़ रही नमो भारत ट्रेन का मेरठ की तरफ अगला स्टेशन शताब्दी नगर है, जो संचालन के लिए तैयार हो रहा है। खास बात है कि मेरठ साउथ से ही मेट्रो भी संचालित होनी है। परतापुर और रिठानी, मेरठ साउथ से शताब्दी नगर के बीच में दो मेट्रो स्टेशन हैं।इन स्टेशनों पर नमो भारत का स्टॉप नहीं होगा और केवल मेट्रो ट्रेन रुकेंगी।शताब्दी नगर के बाद नमो भारत का अगला स्टेशन बेगमपुल है जिसे मेरठ का दिल भी कहा जाता है। मेरठ के परतापुर और रिठानी में कई औद्योगिक इकाइयां हैं।इस क्षेत्र में खेलों से जुड़े कई तरह के उपकरण भी बनाए जाते हैं जिनकी सप्लाई ना सिर्फ देश में बल्कि विदेशों तक है। साथ ही जूते बनाने वाली कंपनियां भी यहां शामिल हैं, जो देश के कई हिस्सों में अपना सामान भेजती हैं। इसी क्षेत्र में दूध की एक बड़ी कंपनी का प्लांट है, जिसका संचालन सहकारी समिति करती है। इस प्लांट में दूध और इससे बनने वाले तमाम उत्पादों की प्रोसेसिंग, पैकिंग आदि से जुड़े कार्य किए जाते है और इनकी सप्लाई भी होती है। अचार और मुरब्बे बनाने और इसकी प्रोसेसिंग से जुड़े कार्य करने के लिए भी इन क्षेत्रों में फैक्ट्री हैं। इन औद्योगिक इकाइयों में काफी सामान दिल्ली से भी आता है, जिसके लिए कर्मचारियों को दिल्ली आना-जाना पड़ता है। नमो भारत संचालित होने से उन सभी को आसानी होगी। इसके अलावा मेरठ के सबसे नजदीकी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा भी दिल्ली में है।पहले जो दूरी बस या निजी कार से घंटों में पूरी होती थी, वो अब मिनटों में सिमट जाएगी। नमो भारत के द्वारा दिल्ली-गाजियाबाद से मेरठ साउथ तक का सफर करने वाले लोगों को फिलहाल मेरठ के अदरुनी हिस्से में जाने के लिए ऑटो या सिटी बस का विकल्प लेना पड़ता है लेकिन मेट्रो के चलने से ये सफर और भी आनंददायक, तीव्र और सुरक्षित हो जाएगा।तीन कोच वाली मेट्रो मेरठ में 23 किलोमीटर के सेक्शन में दौड़ती नजर आएगी, जिसके लिए 13 स्टेशन तैयार हो रहे हैं। मेरठ साउथ से चलकर मोदीपुरम डिपो तक मेट्रो की सेवा यात्रियों को मिलेगी। मेरठ मेट्रो देश की सबसे तेज मेट्रो है, जिसकी अधिकतम ऑपरेशनल स्पीड 120 किलोमीटर प्रतिघंटा है। देश में ऐसा पहली बार है कि जिस ट्रैक और इन्फ्रास्ट्रक्चर पर सेमी हाई-स्पीड नमो भारत दौड़ेगी, उसी पर मेरठ मेट्रो का संचालन भी होगा। इतना ही नहीं, नमो भारत कॉरिडोर के आसपास के क्षेत्र को ट्रांजिट ओरिएंटेड डेवलपमेंट (टीओडी) नीति के तहत विकसित किया जाएगा।

# आईफा कॉलेज की रजत जयंती के अवसर पर सेठ सतीश कुमार मोदी ने दिया मोदी आईफा आर्ट गैलरी का तोहफा

वेलकम इंडिया

**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )।** इंस्टिट्यूट ऑफ फाइन आर्ट्स मोदीनगर के सफलतापूर्वक 25 वर्ष पूर्ण होने पर( रजत जयंती) अवसर पर आईफा संस्थान के अध्यक्ष सतीश कुमार मोदी एवं आभा मोदी ने गैलॉर्ड बिल्डिंग में मोदी आईफा आर्ट गैलरी बनाकर तोहफा दिया यह आर्ट गैलरी लगभग 7000 वर्ग फुट में बनी है । सतीश कुमार मोदी एक कला प्रेमी है जिनकी पहचान देश व विदेश में कला प्रेमी के तौर पर है यह अपनी माता जी के जन्मोत्सव पर हर वर्ष कला के क्षेत्र के जाने-माने प्रसिद्ध कलाकार को दयावती मोदी अवार्ड से नवाजते हैं ।इस मोदी आईफा आर्ट गैलरी का उद्घाटन मुख्य अतिथि मोदीनगर क्षेत्र विधायिका डॉ मंजू मंजू शिवाच एवं विशिष्ट अतिथि विनोद वैशाली (नगर पालिका अध्यक्ष), श्री राम किशोर अग्रवाल( भूतपूर्व राज्य मंत्री दर्जा



प्राप्त), एवं सत्येंद्र त्यागी( सदस्य प्रदेश कार्यकारी भाजपा उत्तर प्रदेश) ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित एवं फीता काटकर किया। संस्थान के मैनेजर संघर्ष शर्मा ने बताया इस आर्ट गैलरी में दिल्ली, गाजियाबाद, मुजफ्फरनगर मेरठ ,नोएडा, प्रयागराज, बिहार एवं अन्य प्रदेशों के लगभग 40 प्रसिद्ध कलाकारों ने अपनी स्व- निर्मित कलाकृतियों का प्रदर्शन किया । इस आर्ट गैलरी में लगी प्रदर्शनी को देखने के लिए आसपास के क्षेत्र के सैकड़ों कला प्रेमी, कला शिक्षक, छात्र-छात्राएं एवं उनके अभिभावक प्रदर्शनी में लगी कलाकृतियों को देखने आए ।प्रदर्शित कलाकृतियां में अगर कोई कलाकृति किसी दर्शक को पसंद आती है तो वह उसे कलाकार से सहमति मिलने पर खरीद भी सकते हैं प्रदर्शनी के दौरान विभिन्न स्कूलों के प्रिंसिपलों, कला शिक्षकों, एवं मोदीनगर के मीडिया प्रभारीयो को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किए।

# निशान यात्रा का कई स्थानों पर नगरवासियों ने किया फूल बरसाकर स्वागत

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )।** श्री श्याम मित्र मंडल के तत्वावधान में आयोजित श्री श्याम प्रभु चार दिवसीय महोत्सव के तीसरे दिन खाटू श्याम की आराधना में निशान यात्रा धूमधाम से निकाली गई। निशान यात्रा लक्ष्मी नारायण मोदी मंदिर से शुरू होकर दिल्ली-मेरठ मार्ग पर रुक्मणी मार्केट, बस स्टैंड, राज चौपला होती हुई श्री खाटू श्याम मंदिर पर जाकर समाप्त हुई। निशान यात्रा में पुरूष और श्री खाटू श्याम मंदिर में चल रहा है चार दिवसीय श्याम महोत्सव महिला श्रद्धालु डीजे की धुन पर थिरकते हुए ध्वज लेकर श्री खाटू श्याम के मंदिर के लिए रवाना हुए। निशान यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु श्याम ध्वज लेकर शामिल हुए और करीब चार किमी की पदयात्रा की। हारे का सहारा बाबा श्याम हमारा, मेरा श्याम बड़ा रंगीला, मेरी बिगड़ी बनाने वाला एक तू है बाबा आदि गीतों पर बच्चे, बुजुर्ग और महिलाएं खूब थिरके। श्री श्याम बाबा की निशान यात्रा में श्याम प्रेमी हाथों में निशान लेकर नाचते हुए श्याम पालकी के साथ चले। नगरवासियों ने भावविभोर होकर निशान यात्रा का कई स्थानों पर फूल बरसाकर स्वागत किया। निशान यात्रा महेन्द्रपुरी स्थित श्री खाटू श्याम मंदिर पर जाकर समाप्त हुई। श्री खाटू श्याम मंदिर में निशान चढ़ाकर श्रद्धालुओं ने बाबा श्याम के दर्शन किए।

यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए जगह-जगह पुलिस बल तैनात किया गया था। कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन घनश्याम सिरोही ओमप्रकाश यादव जितेंद्र शर्मा सुदेश शर्मा देवेंद्र गुप्ता राजीव रोहिला रमाकांत राजेंद्र संजय रोहिला आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन एसडीएम की अध्यक्षता में किया गया




वेलकम इंडिया

**शिकारपुर।** सोमवार को तहसील शिकारपुर सभागार में एसडीएम दीपक कुमार पाल की अध्यक्षता में शनिवार के स्थान पर सोमवार को आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में 28 शिकायतों में से सिर्फ.13 शिकायतों का ही निस्तारण हो पाया है।शेष 15 शिकायतों के निस्तारण के लिए एसडीएम ने संबंधित अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए गए हैं अगले तहसील दिवस तक शिकायतों का निस्तारण नहीं हो सका तो विभागीय अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की चेतावनी दी गई है। इस मौके पर तहसीलदार गौरव बिश्नोई नायब तहसीलदार विपिन वर्मा नायब तहसीलदार मरियम खातून कानून गो रूप सिंह विक्रम सिंह प्रदीप मन्नाडे पन्ना लाल सिंह नरेंद्र कुमार बीडीओ पहासू जेई संजय कुमार विद्युत एसडीओ राम आशीष यादव ईओ नीतू सिंह शिक्षा विभाग से महेश कुमार समाज कल्याण विभाग से नपेंद्र यादव तथा अन्य विभागों से अधिकारी कर्मचारी एवं प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# आरकेजीआईटी कॉलेज में हुआ वालीबॉल चैंपियनशिप का आयोजन

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद,( अनिल वशिष्ठ )।** राजकुमार गोयल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी ने अपने 25 वर्षों की उत्कृष्टता के उपलक्ष्य में आरकेजी ओपन वॉलीबॉल टूर्नामेंट का आयोजन अत्यंत उत्साह और भव्यता के साथ किया। इस रोमांचक प्रतियोगिता में देहरादून, दिल्ली, मेरठ, मुज़फ़्फ़रनगर एवं अन्य आस-पास के क्षेत्रों से 20 टीमों ने भाग लेकर टूर्नामेंट की गरिमा को बढ़ाया। संस्था के वाइस चेयरमैन अक्षत गोयल ने सभी खिलाड़ियों की हौसला अफजाई की। आरकेजीआईटी ऐसे आयोजनों के माध्यम से छात्रों को न केवल तकनीकी शिक्षा, बल्कि जीवन मूल्यों और नेतृत्व क्षमता से भी समृद्ध



कर रहा है। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि के रूप में कुलवंत बालियान- फाउंडर ऑफ आदियोगी स्पोर्ट्स प्राइवेट लिमिटेड, फाउंडर यूपीपीवीएल एवं श्री रोहित राणा इंटरनेशनल वॉलीबॉल प्लेयर ने ने फीता काट कर टूर्नामेंट का आगाज किया।कार्यक्रम के दौरान आरकेजी ग्रुप एडवाइजर डॉ लक्ष्मण प्रसाद ने विशिष्ट अतिथियो को सम्मानित करने के साथ-साथ खिलाड़ियों को भी खूब प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम का आयोजन एसएसी चेयरमैन आलोक त्यागी के नेतृत्व में बहुत ही सकुशल तरीके से किया गया। डॉ सुधीर शर्मा एवं डॉ राजेश मिश्रा ने अपनी उपस्थिति से टूर्नामेंट अनुशासन और खेल भावना को बनाए रखने का इंतजाम बहुत ही कुशलता से किया। स्पोर्ट्स काउंसिल के कन्वीनर विकास त्यागी अथवा को कन्वीनर सौरभ सिंह के साथ-साथ मेंबर्स आरती कालरा, राहुल शर्मा एवं शिवानी सिंह ने टूर्नामेंट का संचालन बहुत ही सकुशल रूप से किया। टूर्नामेंट के दौरान कल्चरल काउंसिल की कन्वीनर प्रिया शर्मा, को कन्वीनर मानस त्रिपाठी, स्पोर्ट्स ऑफिसर प्रशांत राठी उपस्थित रहे। टूर्नामेंट के विजेता आरके ग्रुप टीम तथा उपविजेता आर्य स्पोर्ट्स अकैडमी घोषित हुए।

# घर में घुसकर मां-बेटे पर की ताबड़तोड़ फायरिंग, बेटे की मौत मां की हालत गंभीर, रिपोर्ट दर्ज

वेलकम इंडिया

**मोदीनगर।** बीती देर रात मुरादनगर थाना क्षेत्र के धेदा गांव में कार सवार युवकों ने घर में घुसकर गांव निवासी पंकज चौधरी और उनकी मां गुद्दी चौधरी पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर और फरार हो गए। जिसमें पंकज चौधरी को गोलियां लगने से अस्पताल में उसकी मौत हो गई और उनकी मां भी गोलियां लगने से गंभीर रूप से घायल हो गई। पुलिस का कहना है कि हमला पंकज की पुरानी रंजिश का परिणाम है। पुलिस ने तीन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर नामजद आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। मुरादनगर थाना क्षेत्र के गांव मौहम्मदपुर धेदा में पिंटू चौधरी अपने परिवार के साथ रहते हैं। रविवार रात को पिंटू चौधरी का बड़ा बेटा पंकज चौधरी (21) घर पर खाना खा रहा था। उसी दौरान कार में सवार होकर आए हमलावरों ने पिंटू चौधरी के घर पहुंचे और खाना खा रहे पंकज चौधरी पर फायरिंग शुरू कार दी। गोलियां चलने की आवाज से लोगों में अफरा तफरी मच गई। फायरिंग की आवाज सुनकर पंकज की मां गुड्डी दौड़ी हुई अपने बेटे को बचाने पहुंची। बेटे को बचाते वक्त मां गुड्डी भी हमलावारों की गोलियां लगने से गंभीर रूप से घायल हो गई। गोली मारने के बाद हमलावर मौके से फरार हो गए। दोनों को अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां पर डॉक्टरों ने पंकज को मृत घोषित कर दिया।

# मोदी के नेतृत्व में राष्ट्र बना शक्तिशाली: धीर सिंह जादौन



वेलकम इंडिया

**धौलपुर राजस्थान (उत्तम दीक्षित)।** बीजेपी संकल्प से सिद्धि कार्यशाला हुई संपन्न विधानसभा क्षेत्र बाड़ी के भाजपा मंडल बसई नवाब में विधानसभा संयोजक भाजपा केजी तिवारी की अध्यक्षता में मोदी सरकार के 11 साल संकल्प से सिद्धि कार्यशाला का आयोजन हुआ मुख्य अतिथि व मुख्य वक्ता जिला उपाध्यक्ष भाजपा धीर सिंह जादौन रहे विशिष्ट अतिथि सुरेश चंद्र शर्मा मुख्य ट्रस्टी गायत्री शक्तिपीठ धौलपुर ,सुंदर सिंह त्यागी, गोरेलाल लोधा व मंडल प्रभारी बनवारी गुर्जर रहे मंच संचालन हरि प्रकाश त्यागी व दिवाकर प्रजापति ने किया। कार्यशाला का शुभारंभ पंडित दीनदयाल उपाध्याय के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित कर एवं माल्यार्पण कर किया गया जादौन ने संबोधन में कहा कि 2014 के बाद मोदी सरकार के 11 साल राष्ट्र निर्माण, देश के बुनियादी ढांचे ,कृषि, अर्थव्यवस्था, सामाजिक कल्याण और राष्ट्रीय सुरक्षा को मजबूत बनाने के रहे साथ ही एक राष्ट्र एक चुनाव जैसी संवैधानिक बहसों को गति मिली विश्व विदेश नीति के मोर्चे पर मोदी के कूटनीतिक प्रयासों से भारत ने वैश्विक मंचों पर स्पष्ट और मुखर भूमिका निभाई एवं घरेलू स्तर पर भी प्रधानमंत्री ने विकसित भारत के संकल्प 2047 की रूपरेखा को तेजी से आगे बढ़ाया पीएम मोदी और केंद्र सरकार ने हर पहलू , हर क्षेत्र और हर वर्ग के उत्थान का ध्यान रखा है इस कारण ही आज वैश्विक अस्थिरताओं के बावजूद भी भारत स्थिरता का मजबूत केंद्र बना रहा है तिवारी ने अपनी उद्बोधन में कहा कि दुनिया आज भारत की तरफ देखती है मोदी की राष्ट्र प्रथम नीति के आधार पर भारत पुनः विश्व गुरु बनने की ओर अग्रसर हो रहा है मोदी ने सिर्फ राष्ट्र के उत्थान के लिए अपने समर्पण भाव एवं संकल्प से सिद्धि तक के साथ सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास और सबका प्रयास थीम पर कार्य किया है आज हमारा भारत विश्व पटल पर चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनकर उभरा है पीएम मोदी एवं राजस्थान सरकार के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में विकसित राजस्थान ,हरित राजस्थान व कुशल एवं समृद्ध राज्य के रूप में हो रहा है मोदी सरकार ने विकसित भारत के संकल्प के साथ कई नए लक्ष्य तय किए हैं सभी मंडल पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं से आग्रह किया।

# निकाय उपचुनाव में बीजेपी ने मारी बाजी,765 मतों से राजाबेटी बघेल विजयी

वेलकम इंडिया

**धौलपुर राजस्थान (उत्तम दीक्षित) ।** नगर परिषद के वार्ड 53 पर उपचुनाव सोमवार को सम्पन्न हुए। जिसमें भाजपा प्रत्याशी राजाबेटी बघेल ने जीत हासिल की। उनकी इस जीत से भाजपाईयों में उत्साह का माहौल व्याप्त है। उल्लेखनीय है कि वार्ड 53 के पार्षद की असमय मृत्यु होने के बाद से निकाय की एक सीट रिक्त चल रही थी। जिसे लेकर उपचुनावों की तारीख की घोषणा पूर्व में की गई थी। इस सीट पर भाजपा की ओर से प्रत्याशी राजाबेटी बघेल,निर्दलीय प्रत्याशी के रुप में फिरदोस खान में आमने सामने की सीधी टक्कर थी। जिसमें 306 मतों के बड़े अंतराल से भाजपा प्रत्याशी राजाबेटी बघेल ने जीत हासिल की है। लेकिन भाजपा प्रत्याशी राजाबेटी बघेल की साफ छवि व समर्थकों की बढ़ती संख्या के आगे फिरदोस खान को उपचुनावों में हार मिली। वार्ड 53 में 2117 की पोलिंग पर कुल 1241 मत पड़े। जिसमें से 765 मत अकेले भाजपा प्रत्याशी राजाबेटी बघेल



को मिले व निर्दलीय प्रत्याशी फिरदोस खान को 459 मत के साथ संतुष्ट रहना पड़ा। राजाबेटी बघेल को निर्दलीय प्रत्याशी से कुल 306 मत अधिक प्राप्त हुए है। उनकी इस जीत से बीजेपी जिलाध्यक्ष संत्येन्द्र पाराशर ने बताया कि यह जीत जनता की जीत है। उन्होंने कहा कि बीजेपी का विकास मॉडल पर जनता ने विश्वास जता कर विकास मॉडल पर मोहर लगा दी है। पाराशर ने बताया कि भाजपा प्रत्याशी बघेल का परिवार काफी समय से बीजेपी से जुड़ा है। पूर्व में भी परिवार के अन्य सदस्य बीजेपी की टिकट पर पार्षद रह चुके है। इस परिवार ने शुरू से भाजपा के नेतृत्व में जनकल्याणकारी योजनाओं को लोगों तक पहुंचाने का कार्य किया है। जिसका फलस्वरुप परिणाम राजाबेटी बघेल को जीत के रुप में प्राप्त हुआ है। उपचुनाव में जीत के बाद शहरभर के भाजपाईयों में उत्साह का माहौल है। राजाबेटी को जीत हासिल करने पर जिलाध्यक्ष सत्येन्द्र पाराशर, मण्डल अध्यक्ष हेमसिंह बघेल अशोक पचौरी अविनास शर्मा धीर सिंह जादौन विशाल सिंघल ,पूर्व पार्षद नवीन तिवारी,पूर्व पार्षद अनिल कुशवाह,पवन बघेल,हरेन्द्र राव शामिल रहे।

# आरकेजीआईटी कॉलेज में डिजिटल पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद,( अनिल वशिष्ठ )।** राज कुमार गोयल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के सीएसई (आईओटी) विभाग ने द्वितीय वर्ष के छात्रों के लिए डिजिटल पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया। डिजिटल पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन छात्रों को दो थीम आईओटी का भविष्य और डिजिटल डिजाइन टूल्स का उपयोग करके साइबर सुरक्षा की चुनौतियों पर अपने विचारों को रचनात्मक रूप से व्यक्त करने के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से किया गया था। इस प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार - हरीश खान, द्वितीय पुरस्कार- आकांक्षा श्रीवास्तव और तृतीय पुरस्कार- अमय मिश्रा को दिया गया। इस कार्यक्रम ने चुने गए विषय के बारे में जागरूकता बढ़ाने में मदद की और कलात्मक अभिव्यक्ति में प्रौद्योगिकी के उपयोग को प्रोत्साहित किया। डिजिटल पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता एक सफल कार्यक्रम था जो एचओडी सीएसई-आईओटी के मार्गदर्शन में अपने इच्छित उद्देश्यों को पूरा करता था। कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन समन्वयक श्रीमति श्रुति सक्सेना और सुश्री दिव्या सिंह द्वारा किया गया।

# सीएम नायब सिंह सैनी ने हिसार से चण्डीगढ़ के लिए फ्लाइट सेवा का किया शुभारंभ

वेलकम इंडिया

**हरियाणा/हिसार (राजेश सलूजा)** : हरियाणा के महाराजा अग्रसेन एयरपोर्ट, हिसार से अयोध्या नगरी के लिए हवाई सेवा के शुरू होने के लगभग 2 माह के भीतर ही आज चंडीगढ़ के लिए भी हवाई सेवाओं की शुरूआत हुई। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने विधिवत रूप से इस हवाई सेवा का शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि आगामी दिनों में चरणबद्ध तरीके से हवाई सेवाओं का विस्तार करते हुए हिसार से जयपुर, हिसार से जम्मू तथा हिसार से अहमदाबाद के लिए भी हवाई सेवाओं



की शुरूआत की जाएगी। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि आज हरियाणा के लिए गर्व का दिन है, क्योंकि हिसार का यह एयरपोर्ट हरियाणा का अपना पहला हवाई अड्डा है, जिसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हरियाणा के लोगों को समर्पित किया। प्रधानमंत्री का सपना है कि देश का आम नागरिक भी हवाई सेवा का उपयोग कर सके और पिछले 11 वर्षों में इस सपने को कई मायनों में धरातल पर उतारा है। उसी कड़ी में प्रधानमंत्री ने बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती के अवसर पर हिसार से अयोध्या के लिए हवाई सेवा का झंडी दिखाकर शुभारंभ किया था। आज यहां से दूसरी हवाई सेवा की शुरूआत हुई है, जो शहीद भगत सिंह हवाई अड्डा चंडीगढ़ को जोड़ेगी। उन्होंने कहा कि हिसार एयरपोर्ट के कारण आने वाले समय में हिसार उद्योग का भी हब बनेगा और विभिन्न प्रकार की सुविधाएं मिलेंगी, जिससे इस क्षेत्र का स्वाभाविक रूप से तेज गति से विकास होगा। मुख्यमंत्री ने विपक्ष पर कटाक्ष करते हुए कहा कि विपक्ष के नेता कहते थे कि महाराजा अग्रसेन एयरपोर्ट तो एयरोड्रम है, पता नहीं यहां से फ्लाइट शुरू होगी या नहीं। परंतु हमारी सरकार ने अपने वायदे के अनुरूप हिसार एयरपोर्ट से हवाई सेवाओं की शुरूआत की और लगातार यहां से हवाई सेवाओं का विस्तार किया जाएगा। नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 11 गौरवशाली वर्ष पूरे हुए हैं और इन 11 सालों में देश किस गति से आगे बढ़ा है, यह हर भारतीय ने देखा है। उन्होंने कहा कि इन 11 वर्षों में भारत ने एक ऊंची उड़ान ली है। भारत का सम्मान दुनिया में बढ़ा है और सशक्त व मजबूत हुआ है। इन 11 वर्षों में देश में 150 से ज्यादा एयरपोर्ट, लगभग 2500 यूनिवर्सिटीज तथा आइआइटी व आईआईएम जैसे संस्थान बने हैं। ये मोदी का भारत है, सशक्त और मजबूत भारत है।

# गंदा पानी, नाले-नालियों का अपशिष्ट और ठोस कचरा नदी में न जाने पाए: अमित राज

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** जल शक्ति अभियान कैच द रेन के अंतर्गत केन्द्रीय नोडल अधिकारी एवं पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के निदेशक अमित राज की अध्यक्षता में सोमवार को विकास भवन स्थित दुर्गावती सभागार में एक उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक का उद्देश्य जनपद गाजियाबाद में जल संरक्षण, भूजल स्तर में सुधार तथा वर्षा जल संचयन की दिशा में किये जा रहे प्रयासों की समीक्षा करना था। जिलाधिकारी दीपक मीणा ने पुष्पगुच्छ भेंट कर अमित राज का स्वागत किया और जिले में जल संरक्षण को लेकर हो रहे कार्यों की जानकारी प्रस्तुत की। निदेशक अमित राज ने घटती वर्षा और गिरते भूजल स्तर पर चिंता प्रकट करते हुए कहा कि जल निकायों का संरक्षण और पुनरुद्धार, रि-यूज जल का उपयोग तथा वृहद स्तर पर वृक्षारोपण, जल संकट के समाधान में निर्णायक भूमिका निभा सकते हैं। उन्होंने विशेष रूप से हिंडन नदी को पुनर्जीवित करने के प्रयासों को गति देने का सुझाव दिया। उन्होंने कहा कि यदि हिण्डन नदी को प्रदूषण मुक्त कर दिया जाए, तो यह क्षेत्र में जल संचयन का एक बड़ा माध्यम बन सकती है। इसके लिए आवश्यक है कि गंदा पानी, नाले-नालियों का अपशिष्ट और ठोस कचरा नदी में न जाने पाए। हर स्तर पर जल को स्वच्छ करने की व्यवस्था हो। जिलाधिकारी दीपक मीणा ने बताया कि जिले में सीएसआर फंड के माध्यम से तालाबों का जीर्णोद्धार कराया जा रहा है। मौजूदा एस.टी.पी. संयंत्रों के साथ-साथ नए संयंत्र भी स्थापित किए जा रहे हैं, जिससे औद्योगिक इकाइयों को भूजल के बजाय उपचारित जल उपयोग के लिए प्रोत्साहित किया जा सके। उन्होंने बताया कि सभी औद्योगिक इकाइयों को रूफ टॉप रेन वाटर हार्वेस्टिंग प्रणाली लगाने के निर्देश दिए गए हैं। जुलाई 2025 में हिण्डन नदी के तट पर व्यापक जन जागरूकता अभियान के साथ-साथ वृहद वृक्षारोपण भी किया जाएगा। बैठक में सहायक अभियंता हिमांशु गौतम ने बताया कि वर्ष 2025 की जल शक्ति अभियान की थीम 'जल संचयन, जन भागीदारी और जन जागरूकता'है। इसके अंतर्गत जनपद में जलाशयों की सफाई, जल निकायों का जियोटैगिंग व मानचित्रण, वनीकरण तथा छत वर्षा जल संचयन प्रणाली के कार्य कराए जाएंगे। बैठक के अंत में अमित राज ने भूजल स्तर सुधारने के लिए जिला प्रशासन द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की और सभी अधिकारियों को इस दिशा में निरंतर कार्य करते रहने हेतु प्रोत्साहित किया। तत्पश्चात उन्होंने विकास भवन स्थित जल शक्ति केंद्र का निरीक्षण भी किया। बैठक में आईएएस अयान जैन (ट्रेनी), अमित कुमार (तकनीकी अधिकारी, सीडब्ल्यूसी दिल्ली), प्रज्ञा श्रीवास्तव (जिला विकास अधिकारी), हरिओम (अधिशासी अभियंता, लघु सिंचाई), भारत भूषण (अधीक्षण अभियंता, जल निगम), प्रदीप कुमार द्विवेदी (जिला पंचायत राज अधिकारी), सृष्टि जायसवाल (नोडल अधिकारी) सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक का संचालन हिमांशु गौतम, सहायक अभियंता, लघु सिंचाई विभाग, गाजियाबाद द्वारा किया गया।

# 9 व 10 जून को भीषण लू की चेतावनी, जिला प्रशासन ने जारी की एडवाइजरी

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** मौसम विभाग से प्राप्त चेतावनी के अनुसार जनपद गाजियाबाद में 9 जून से 10 जून तक तापमान 44.48 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है, जिससे हीटवेव यानी लू की स्थिति बनने की पूरी सम्भावना है। इसी को ध्यान में रखते हुए अपर जिलाधिकारी (वि/रा) सौरभ भट्ट ने आमजन को सतर्क करते हुए आवश्यक सावधानियाँ बरतने का आग्रह किया है। सौरभ भट्ट ने बताया कि वर्तमान समय में गाजियाबाद का तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से ऊपर जा चुका है और वातावरण में आद्रता भी बढ़ रही है। ऐसी स्थिति में शरीर पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है, जिससे डिहाइड्रेशन, ऐंठन और थकावट जैसी समस्याएँ सामने आती हैं। यदि समय रहते ध्यान न दिया गया तो यह स्थिति जानलेवा भी हो सकती है। शहरी क्षेत्रों में तापमान की तीव्रता और अधिक हो जाती है, जिससे अर्बन हीट आइलैंड जैसी स्थितियाँ बनती हैं। अपर जिलाधिकारी ने बताया कि हीटवेव से सबसे ज्यादा प्रभावित होने की संभावना वृद्ध, बच्चे, गर्भवती महिलाएं, बीमार, मजदूर, कमजोर और निराश्रित लोगों की होती है। ऐसे लोगों को विशेष सतर्कता बरतने और दूसरों को भी सतर्क करने की आवश्यकता है। इसी क्रम में जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के विशेषज्ञ वैभव पाण्डये द्वारा जनपद वासियों के लिए एक व्यापक एडवाइजरी जारी की गई है। इसमें बताया गया कि दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक कड़ी धूप में बाहर न निकलें। हल्के रंग और सूती कपड़े पहनें तथा बाहर निकलते समय सिर को टोपी, गमछे या छाते से ढक कर रखें। पानी की नियमित खपत करें और घर से निकलते समय पानी साथ जरूर रखें। खुद को हाइड्रेट रखने के लिए ओआरएस, नारियल पानी, नींबू पानी, लस्सी, छाछ, आम का पन्ना जैसे तरल पेयों का सेवन करें। मौसम की जानकारी के लिए रेडियो, टीवी और समाचार पत्रों पर ध्यान दें और यदि चक्कर, कमजोरी या घबराहट महसूस हो तो तत्काल चिकित्सक से संपर्क करें। घर को ठंडा बनाए रखने के लिए पर्दे और शटर का प्रयोग करें। वहीं दूसरी ओर, दोपहर में अधिक श्रम वाली गतिविधियों से परहेज करने, बासी और भारी भोजन से बचने तथा शराब, चाय, कॉफी, कोल्ड ड्रिंक्स जैसे पेयों का सेवन न करने की सलाह दी गई है क्योंकि ये शरीर को निर्जलित कर सकते हैं। रसोईघर को भी हवादार बनाए रखना चाहिए और गर्मी के चरम समय में खाना पकाने से बचना चाहिए। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि यह चेतावनी आम जन के स्वास्थ्य और जीवन की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए जारी की गई है। सभी से अनुरोध है कि इस पर गंभीरता से अमल करें और दूसरों को भी इसके प्रति जागरूक करें।

## लेग स्पिन के जादूगर पीयूष चावला ने क्रिकेट को कहा अलविदा




वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** भारतीय क्रिकेट के अनुभवी लेग स्पिनर और 2011 विश्व कप विजेता टीम के सदस्य पीयूष चावला ने आधिकारिक रूप से क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास लेने की घोषणा कर दी है। क्रिकेट प्रेमियों के लिए यह भावनात्मक क्षण रहा, जब इस बहुमुखी स्पिन गेंदबाज ने बल्ला और बॉल को अलविदा कहा। चावला ने 2006 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया था और इसके बाद उन्होंने टेस्ट, वनडे और टी-20 तीनों प्रारूपों में भारत का प्रतिनिधित्व किया। अपनी गूगली और फ्लिपर के जादू से उन्होंने देश को कई अहम मुकाबलों में जीत दिलाई और खुद को भारत के शीर्ष स्पिन गेंदबाजों की सूची में स्थापित किया। इस अवसर पर दिल्ली मेरठ रोड़ स्थित आईटीएस डेंटल कॉलेज में खास भावनात्मक क्षण देखने को मिला, जहां फैकल्टी, कर्मचारी और विद्यार्थी पीयूष चावला द्वारा संस्था में बिताए गए पलों को याद कर भावुक हो गए।

## हैदराबाद में भाजपा नेता चन्द्रशेखर से सरदार एस.पी. सिंह ने की शिष्टाचार मुलाकात

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद/हैदराबाद।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता व तेलंगाना के वर्तमान भाजपा महामंत्री (संगठन) चन्द्रशेखर से गाजियाबाद भाजपा महानगर के पूर्व अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व सदस्य सरदार एस.पी. सिंह ने हैदराबाद स्थित पार्टी कार्यालय में शिष्टाचार भेंट की। इस मुला$कात के दौरान सरदार एस.पी. सिंह ने चन्द्रशेखर जी का पुष्पगुच्छ भेंट कर एवं पारंपरिक पटका पहनाकर अभिनंदन किया। गर्मजोशी से हुई इस भेंटवार्ता में दोनों नेताओं ने पश्चिम उत्तर प्रदेश और गाजियाबाद की सामाजिक एवं राजनीतिक गतिविधियों पर गहन चर्चा की। पूर्व में राजस्थान व पश्चिमी उत्तर प्रदेश के संगठन मंत्री रह चुके चन्द्रशेखर जी ने गाजियाबाद की राजनीतिक गतिविधियों, कार्यकताओं की स्थिति तथा संगठन की वर्तमान दिशा पर चर्चा करते हुए क्षेत्रीय कार्यकताओं के प्रति अपनी आत्मीयता प्रकट की।

## महिला से इलाज के नाम पर मौलवी ने उड़ा लिए लाखों के गहने

**गाजियाबाद।** थाना क्षेत्र के सिकरोड़ गांव में एक महिला को इलाज का झांसा देकर मौलवी साजिद ने अपने दो साथियों के साथ मिलकर लाखों रुपए के सोने के गहने उड़ा लिए। मौलवी ने गहनों को पानी से भरे मिट्टी के बर्तन में रखा था और 45 दिन बाद खोलने का कहा था। लेकिन जब बर्तन खोला गया तो गहने गायब थे। इसके बाद पीड़िता और उसके परिवार वालों को मौलवी पर शक हुआ। सिकीड़ गांव की रहने वाली सबीना ने बताया कि वह काफी समय से बीमार थीं। कई जगह इलाज के बाद भी राहत नहीं मिली तो परिचित के बताए मौलवी साजिद को बुलाया। साजिद ने कहा कि इलाज में 11 सोने की वस्तुएं चाहिए। सबीना ने अपने और परिचित के गहने सौंप दिए। गहनों को मिट्टी के बर्तन में पानी भरकर डालकर इलाज शुरू किया गया। इल्लाज के दौरान भी आराम नहीं मिलने पर मौलवी ने 45 दिन तक बर्तन न खोलने की हिदायत दी।

# आबकारी विभाग की सख्त कार्रवाई से शराब माफिया में हड़कंप, जिले में चलाया विशेष अभियान

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** जनपद में अवैध शराब की तस्करी और बिक्री को जड़ से खत्म करने के लिए आबकारी विभाग ने अब अपनी कार्रवाई और भी तेज कर दी है। जिला आबकारी अधिकारी संजय कुमार प्रथम के नेतृत्व में टीम 24 घंटे सजग होकर राष्ट्रीय मार्ग, राजमार्ग और दिल्ली सीमा से सटे इलाकों में शराब माफियाओं की हर हरकत पर पैनी नजर रखे हुए है। विशेष प्रवर्तन अभियान के तहत आबकारी निरीक्षक मनोज शर्मा, अखिलेश कुमार, त्रिवेणी प्रसाद मौर्य, अखिलेश बिहारी वर्मा, राकेश त्रिपाठी एवं अनुज वर्मा की संयुक्त टीम ने ट्रांसपोर्टनगर, लोहियानगर, पटेलनगर सहित विभिन्न औद्योगिक क्षेत्र व गोदामों की सघन तलाशी ली। टीम ने ट्रांसपोर्ट संचालकों को विशेष चेतावनी देते हुए कहा कि यदि किसी भी प्रकार की अवैध शराब भंडारण या तस्करी की सूचना मिले तो तत्काल सूचना दें, ताकि कार्रवाई की जा सके। अवैध कारोबार के साथ-साथ शराब की दुकानों के आस-पास संचालित ढाबे और रेस्टोरेंट की भी कड़ी निगरानी की गई, जहां बिना लाइसेंस शराब परोसने या बेचने की कड़ी निंदा करते हुए संचालकों को सख्त चेतावनी दी गई। साथ ही आबकारी टीम ने दुकानदारों को पाश मशीन से बिलिंग करने और नियमों का सख्ती से पालन करने के निर्देश भी दिए। संजय कुमार प्रथम ने कहा कि हमारे प्रयासों का मकसद जिले में अवैध शराब के काले कारोबार को पूरी तरह से खत्म करना है। शराब माफिया चाहे जितना भी चालाकी दिखाएं, हमारी टीम हर कदम पर उनके खिलाफ सख्त कार्यवाही करती रहेगी। आबकारी विभाग की इस मुहिम से जनपद में कानून व्यवस्था और सामाजिक सुरक्षा को मजबूती मिली है।

विभाग की सक्रियता की जनता भी सराहना कर रही है, जिससे अवैध शराब तस्करों में खौफ का माहौल बना हुआ है। शराब माफिया के लिए चेतावनीः आबकारी विभाग की संयुक्त फौज ने साफ कर दिया है कि अवैध शराब का कोई भी धंधा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और ऐसे तस्करों के खिलाफ कोई भी कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## युवती से मोबाइल स्नैचिंग, सीसीटीवी खंगाल रही पुलिस

**गाजियाबाद।** शहर में अपराधियों के हौसले एक बार फिर बुलंद नजर आए जब कविनगर थाना क्षेत्र में एक युवती से चलती सड़क पर मोबाइल फोन छीन लिया गया। यह घटना अवंतिका कॉलोनी में अवंतिका पुलिस चौकी के पास की है, जहां बाइक सवार बदमाशों ने वारदात को अंजाम देकर मौके से फरार हो गए। मोदीनगर के महेश मार्ग निवासी पीड़िता पारुल सिंघल नोएडा की एक निजी कंपनी में कार्यरत हैं। उन्होंने बताया कि वह अपनी बहन से मिलने कविनगर थाना क्षेत्र के अवंतिका कॉलोनी आई थीं। जब वह रात करीब साढ़े आठ बजे वापस लौट रही थीं, तभी पुलिस चौकी के पास बाइक सवार दो बदमाशों ने उनके हाथ से मोबाइल फोन झपट लिया। पारुल ने हिम्मत दिखाते हुए बदमाशों का पीछा किया और जोर से शोर भी मचाया, लेकिन सड़क पर मौजूद लोगों से कोई मदद नहीं मिली, जिससे बदमाश आसानी से फरार हो गए।

# ईद-उल-अजहा पर रही निगम की विशेष तैयारियां, जनप्रतिनिधियों ने जताया आभार

वेलकम इंडिया






**गाजियाबाद।** ईद-उल-अजहा पर्व पर शनिवार को गाजियाबाद नगर निगम ने शहरवासियों की सुविधा हेतु विशेष तैयारियों के साथ एक मिसाल पेश की है। मुस्लिम बहुल्य इलाकों में साफ-सफाई, पीने के पानी, प्रकाश व्यवस्था और सीवर समस्याओं को प्राथमिकता से निपटाते हुए निगम ने बेहतरीन कार्य किया। इस प्रयास की सराहना करते हुए विभिन्न वार्डों के पार्षदों और जनप्रतिनिधियों ने महापौर सुनीता दयाल और नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक को पत्र लिखकर धन्यवाद ज्ञापित किया। वार्ड संख्या 48 मिजार्पुर, वार्ड 93 कैला भट्टा समेत अन्य क्षेत्रों में वबैग टीम द्वारा सीवर समस्याओं के निराकरण को लेकर त्वरित कार्रवाई की गई, जिससे ईद पर कोई असुविधा नहीं हुई। पार्षद साजिदा ने निगम के कार्यों की सराहना करते हुए महापौर व नगर आयुक्त को पत्र भेजा और अनुरोध किया कि इसी प्रकार त्योहारों पर मैनहोल की नियमित सफाई सुनिश्चित की जाए। विजयनगर, मोहन नगर और सिटी जोन जैसे मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्रों में स्वास्थ्य, प्रकाश, जलकल और निर्माण विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों ने पूरे समर्पण के साथ कार्य किया। अपर नगर आयुक्त अवनींद्र ने बताया कि निगम डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन और ठोस अपशिष्ट प्रबंधन में लगातार कार्यरत है, और ईद पर विशेष टीम बनाकर सफाई कार्यों की मॉनिटरिंग की गई। समाजवादी पार्टी के नेता आरिफ मलिक और फहीम चौधरी ने निगम की व्यवस्थाओं को सराहते हुए जनता को दी गई सुविधाओं के लिए धन्यवाद कहा।

वार्ड 70 के पार्षद रामनिवास ने निगम के सफाई मित्रों के प्रयासों की खुलकर प्रशंसा की। गौरतलब है कि गाजियाबाद नगर निगम ने इस पर्व पर अपने कार्यों से एक सकारात्मक संदेश दिया है कि सामूहिक सहभागिता और प्रशासन की तत्परता से त्योहारों को खुशहाल और व्यवस्थित बनाया जा सकता है।

## कंट्री इन एंड सुइट्स बाय रेडिसन में चल रहा 'अंतर्राष्ट्रीय जैन खाद्य महोत्सव'

वेलकम इंडिया




**गाजियाबाद।** ट्रांस हिंडन होटल इंडस्ट्री में वेजिटेरियन विकल्प सीमित माने जाते हैं, लेकिन कंट्री इन एंड सुइट्स बाय रेडिसन, साहिबाबाद ने बीते 16 वर्षों में शुद्ध शाकाहारी व्यंजन पेश करके अपनी एक अलग पहचान बनाई है। यह पांच सितारा होटल न केवल वेजिटेरियन भोजन उपलब्ध कराता है, बल्कि हर महीने विशेष फूड फेस्टिवल का आयोजन कर अंतरराष्ट्रीय स्वादों का आनंद शाकाहारी भोजन प्रेमियों को प्रदान करता है। इस बार होटल ने 6 जून से 15 जून तक 'अंतर्राष्ट्रीय जैन खाद्य महोत्सवज्का आयोजन किया है, जिसमें जैन परंपराओं और खानपान की विधियों का पूरा ध्यान रखा गया है। खास बात यह है कि भोजन सूर्यास्त से पहले परोसा जाता है, जो जैन धर्म की धार्मिक परंपरा का अहम हिस्सा है। होटल के वाइस-प्रेजिडेंट ऑपरेशंस एवं यूनिट हेड सुदेश कुमार श्रीवास्तव और जनरल मैनेजर सुशील चुग ने बताया कि हमारे इस प्रयास को अतिथियों से जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली है। यह महोत्सव होटल के भव्य 150 डिशेज वाले नियमित बुफे का हिस्सा है, जिसमें भारतीय क्षेत्रीय व्यंजन से लेकर इटालियन, चाइनीज, मैक्सीकन जैसे अंतरराष्ट्रीय स्वाद शामिल हैं लेकिन पूरी तरह से जैन परंपरा का पालन करते हुए। शुद्धता बनाए रखने के लिए इस महोत्सव के लिए एक अलग रसोईघर बनाया गया है, जहाँ कोई प्रतिबंधित सामग्री प्रवेश नहीं करती।

# जिलाधिकारी ने जनसुनवाई में सुनीं समस्याएं

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** जनसमस्याओं के निराकरण को लेकर गाजियाबाद जिला प्रशासन पूरी सक्रियता के साथ काम कर रहा है। इसी क्रम में सोमवार को जिलाधिकारी दीपक मीणा ने कलेक्ट्रेट स्थित कार्यालय में जनसुनवाई की। जनसुनवाई में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए नागरिकों की समस्याएं, शिकायतें एवं आवेदन जिलाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किए गए। जनसुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायतें मुख्य रूप से पुलिस, नगर निगम, जीडीए, विकास प्राधिकरण, लोक निर्माण विभाग और अन्य सरकारी योजनाओं से जुड़ी थीं। जिलाधिकारी दीपक मीणा ने सभी शिकायतों को गहनता से पढ़ते और सुनते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतों का त्वरित व गुणवत्तापूर्ण समाधान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि किसी भी शिकायत को केवल औपचारिकता के रूप में न लिया जाए, बल्कि उसका स्थायी और सार्थक समाधान प्राथमिकता पर किया जाए। उन्होंने कहा कि जनसुनवाई जनता और प्रशासन के बीच एक सेतु है, और इसका उद्देश्य लोगों को समयबद्ध न्याय और समाधान देना है। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे फील्ड में जाकर समस्याओं की जमीनी हकीकत को समझें और समाधान की प्रक्रिया को पारदर्शी व प्रभावी बनाएं। जनसुनवाई के दौरान अपर जिलाधिकारी (वि/रा) सौरभ भट्ट, सिटी मजिस्ट्रेट डॉ. संतोष कुमार उपाध्याय तथा आईएएस प्रशिक्षु अधिकारी अयान जैन भी मौजूद रहे। जिलाधिकारी ने उपस्थित अधिकारियों को यह भी हिदायत दी कि जनशिकायतों के समाधान में कोई भी कोताही न हो और प्रत्येक मामले को प्राथमिकता देते हुए समयबद्ध कार्रवाई की जाए।

# नगर निगम के संपत्ति कर वृद्धि का विरोध उद्योग व्यापार मंडल ने सांसद को सौंपा ज्ञापन

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** नगर निगम द्वारा बढ़ाए गए आवासीय और व्यवसायिक संपत्ति कर में 3 से 10 गुना तक की भारी वृद्धि के विरोध में महानगर उद्योग व्यापार मंडल के व्यापारियों ने सांसद अतुल गर्ग को ज्ञापन सौंपा। व्यापारियों का प्रतिनिधि मंडल मंडल अध्यक्ष गोपीचंद प्रधान व अशोक चावला के नेतृत्व में सांसद से मिला और कर वृद्धि के कारण उत्पन्न समस्या से अवगत कराया। व्यापारियों ने ज्ञापन में बताया कि नगर निगम ने नियमों का उल्लंघन करते हुए अचानक भारी कर वृद्धि कर नोटिस जारी किए हैं, जबकि नियम के अनुसार केवल दो साल में एक बार कर वृद्धि की जा सकती है। कुछ इलाकों में व्यवसायिक कर में दस गुना तक की वृद्धि कर जनता में गहरा आक्रोश व्याप्त है। व्यापारियों का आरोप है कि निगम खुद अपनी संपत्तियों को डीएम सर्किल रेट के अनुसार किराए पर नहीं दे पा रहा है, फिर भी कर में इतनी भारी बढ़ोतरी की जा रही है। व्यापारी मंडल ने नगर निगम से आग्रह किया है कि डीएम सर्किल रेट को छोड़कर अन्य वैध विकल्पों के आधार पर कर वृद्धि के प्रस्ताव बनाए जाएं और नियमों के अनुरूप प्रक्रिया पूरी करके सदन की मंजूरी के बाद ही कर बढ़ाया जाए।